आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 16 अंक 88- ● जबलपुर ● शनिवार, 30 अप्रेल, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख मास कृष्ण पक्ष-14 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

# हाय गर्मी ! तंदूर जैसे तप रहे हैं शहर

**नई दिल्ली ।** **लू, भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान का सामना भारत के कई राज्य कर रहे हैं। राजस्थान, पंजाब, जम्मू और कश्मीर, दिल्ली में पारा 46 डिग्री के पार चला गया है। भारतीय मौसम विभाग ने भी आने वाले कुछ दिनों में हीटवेव जैसे हालात बने रहने की संभावना जताई है। अब लगातार बढ़ रहा तापमान का ग्राफ आम जनता से लेकर जानकारों तक की चिंताए बढ़ा रहा है।**

ड्डस्ब्ठ के अनुसार, पश्चिम राजस्थान में 30 अप्रैल को हीटवेव की स्थिति और 1 मई को भीषण गर्मी की संभावना है। इसके अलावा विदर्भ, मध्य प्रदेश में अगले पांच दिनों के दौरान हीटवेव की संभावनाएं हैं। जबकि, पंजाब, हरियाणा-चंडीगढ़-दिल्ली, पश्चिम उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान और तेलंगाना में ऐसे हालात चार दिनों के दौरान हो सकते हैं। बिहार, आंतरिक ओडिशा, गंगीय पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, गुजरात, मध्य महाराष्ट्र में आज हीटवेव के आसार हैं। वहीं, पूर्वी उत्तर प्रदेश, झारखंड में



1 मई तक हीटवेव की संभावना है।

### मध्य प्रदेश के राजगढ़,खजुराहो और नौगांव में पारा 46 डिग्री के करीब

मध्यप्रदेश में अगले महीने से गर्मी के तेवर और सख्त

## कोविड की चौथी लहर से ज्यादा हीटवेव का डर

होने वाले हैं। अप्रैल के अंत तक ही अधिकतम तापमान 46 के करीब पहुंच गया है। देश के टॉप 5 गर्म शहरों में मध्यप्रदेश के तीन शहर आ गए है। कल उत्तर प्रदेश का प्रयागराज देश का सबसे गर्म रहा। यहां दिन का तापमान 45.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। इसके बाद राजस्थान के गंगानगर और मध्यप्रदेश का राजगढ़ 45.7 डिग्री तापमान के साथ दूसरे नंबर पर रहा। खजुराहो और नौगांव में 45.6-45.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है।

### राजस्थान- 3 मई को आंधी-बारिश की संभावना

राजस्थान में तेज गर्मी और बिजली कटौती ने लोग परेशान हो गए हैं। राज्य के 11 शहरों में दिन का अधिकतम तापमान कल 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रिकॉर्ड हुआ। ख्वाजा नगरी अजमेर में बीते 63 साल में अप्रैल का सबसे गर्म दिन रहा।

### मप्र में तीन दिन तक चलेगी लू

महाराष्ट्र के जलगांव में 45.6 डिग्री तापमान सबसे ज्यादा रहा। ग्वालियर में तापमान 45 डिग्री पर पहुंच गया। खंडवा में 45.1, खरगौन में 45.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। अगले तीन दिन तक MP के कई शहरों में लू का प्रकोप रहेगा और मई में तो पारा 47 डिग्री तक जा सकता है। गर्मी अब प्रचंड रूप धारण कर चुकी है। तापमान सामान्य से 4.6 डिग्री अधिक होने से गर्म हवा लू में परिवर्तित हो चुकी है। लखनऊ के साथ ही आगरा, झांसी, वाराणसी और कानपुर समेत कई जनपदों में लू चलना शुरू हो गई है। इस दौरान दिन भर सीवियर हीट-वेव(लू) ने बुरे हाल किए।



पावर प्लांट में कोयले की कमी

# बिजली की डिमांड ऑलटाइम हाई पर

**नई दिल्ली।** 18 राज्यों के 20 शहरों में पारा 45 डिग्री के पार चला गया है। बिजली कटौती से ऐसा आलम है मानो मौसम लोगों की अग्निपरीक्षा ले रहा हो। अभी आने वाले दिनों में भी यही हालात बने रहने का अनुमान है। इस बीच यूपी, राजस्थान, पंजाब, झारखंड, बिहार, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ में लू का अलर्ट है। भीषण गर्मी के चलते देशभर में बिजली की मांग बढ़ती जा रही है। ऐसे में देश के एक चौथाई पावर प्लांट बंद हैं। नतीजा, 16 राज्यों में 10 घंटे तक के बिजली कटौती शुरू हो गई है। सरकारी रिकॉर्ड के मुताबिक, देशभर में 10 हजार मेगावॉट, यानी 15 करोड़ यूनिट की कटौती हो रही है, लेकिन बिजली की कमी वास्तव में कहीं ज्यादा है। कोयले की कमी से देश के एक चौथाई पावर प्लांट बंद हैं। गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली की डिमांड बढ़कर 207.11 गीगावॉट पहुंच गई। यह अब तक की सबसे ज्यादा मांग है। देश के 12 से ज्यादा राज्यों में बिजली की मांग ने अभी तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। खुद ऊर्जा मंत्रालय ने इसकी पुष्टि की है। मंत्रालय के मुताबिक, देश में पीक पावर डिमांड अब तक के सबसे रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। मंत्रालय ने एक ट्वीट में बताया कि ऑल टाइम हाई डिमांड शुक्रवार दोपहर 2.50 बजे तक 207111 मेगावॉट तक पहुंच गई, जो अब तक का सबसे उच्च स्तर है। पॉवर प्लांट्स में कोयले की कमी के बीच केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि केंद्रीय कोयला और खनन मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बताया कि देशभर के थर्मल प्लांट्स के पास 2.20 करोड़ टन कोयला है, जो 10 दिन के लिए काफी है। ऐसे में उन्हें पूरी क्षमता के साथ उत्पादन करना चाहिए।

## मुरैना के सबलगढ़ में दिल दहलाने वाला हादसा

# चंबल नदी में 3 बच्चियां डूबीं, दो के शव मिले

**मुरैना।** मुरैना के सबलगढ़ में एक दिल दहलाने वाला हादसा घटित हुआ है। यहां रहू गांव में केवट समाज के तीन छोटी बच्चियां चंबल नदी में नहाने गईं और डूब गईं। तीनों बच्चियों की उम्र महज 7 से 10 वर्ष के बीच है। जिला प्रशासन को जैसे ही इसकी खबर मिली, रेस्क्यू ऑपरेशन देर रात तक चला। दो बच्चियों के शव मिल गए हैं। एक के शव को निकालने के लिए रेस्क्यू फिर शुरू किया जाएगा ।तीनों बच्चियां घर से चंबल नदी में नहाने के लिए निकली थीं। तीनों बच्चियों केवट समाज की थीं। इसलिए चंबल नदी में नहाना उनके लिए नई बात नहीं थीं। घरवालों ने भी ध्यान नहीं दिया और वे नहाने चली गईं। बताया जाता है कि नहाने के दौरान पैर फिसलने से एक बच्ची डूबने लगी तो दूसरी बच्ची ने उसे बचाने छलांग लगा दी। जब वह भी डूबने लगी तो तीसरी बच्ची ने छलांग लगी दी और देखते ही देखते तीनों बच्चियां चंबल नदी में समा गईं। बच्चियों के डूबने की खबर आग की तरह फैल गई। आस-पास के गावों के लोग भी मौके पर पहुंच गए। जिला प्रशासन की तरफ से एसडीएम एलके पाण्डे व थाना प्रभारी सबलगढ़ केके सिंह मौके पर पहुंचे तथा उन्होंने तुरंत रेस्क्यू करवाया। रेस्क्यू टीम काफी मशक्कत के बाद दो बच्चियों के शव खोजने में कामयाब रही। एक बच्ची का शव अभी तक नहीं मिला है तथा उसे खोजने के लिए शनिवार को सुबह फिर से रेस्क्यू किया जाएगा ।मृतक बच्चियों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वे उस घड़ी को कोस रहे हैं जब उन्होंने छोटी बच्चियों को नहाने के लिए चंबल नदी के घाट पर भेज दिया। फिलहाल दोनों बच्चियों के शव का पीएम करा दिया गया है तथा शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं।





## खरगोन दंगे में वसीम ने तूफान सिंह की गन से SP को मारी थी गोली, 17 पिस्टल बरामद

**भोपाल।** खरगोन दंगे में वसीम ने एसपी को जो गोली मारी थी वो तूफान सिंह की बंदूक से ही निकली थी। खरगोन दंगे के दौरान हथियार सप्लाई करने वालेल तूफान सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने सिगनूर में अवैध हथियारों की 6 फैक्ट्री पर छापामार कार्रवाई करते हुए 17 देसी पिस्टल जब्त किए हैं। इसके साथ ही 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है ।खरगोन में रामनवमीं पर हुई हिंसा में एसपी सिद्धार्थ चौधरी पर गोली मारकर घायल कर दिया गया था। आरोपी वसीम ने वो गन तूफान सिंह से ही खरीदी थी। पूछताछ में वसीम ने तूफान सिंह से बंदूक खरीदने के बारे में बताया था। वसीम के बयान के मुताबिक पुलिस ने तूफान सिंह को धर दबोचा। इसके साथ ही शहर में चल रहे अवैध हथियारों के बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है।

**सिगनूर में पुलिस की बड़ी कार्रवाई**

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर टीम ने गोगावां थाना इलाके के सिगनूर में कार्रवाई कर की। 6 निर्माण फैक्ट्रियों पर दबिश देकर पुलिस ने 17 अवैध देसी पिस्टल और निर्माण सामग्री जब्त की। इसके साथ ही 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। प्रभारी एसपी अंकित जायसवाल और रोहित काशवानी ने बताया कि वसीम उर्फ मोहसिन ने एसपी सिद्धार्थ चौधरी को अवैध पिस्टल से गोली मारी थी। इस नेटवर्क से और भी खुलासे हो सकते हैं।

## मुख्यमंत्रियों और चीफ जस्टिस की जॉइंट कॉन्फ्रेंस

# अंग्रेजी में दिए फैसले आम लोग समझ नहीं पाते, कोर्ट लोकल लैंग्वेज को बढ़ावा दें-मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों और चीफ जस्टिस की जॉइंट कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि हमें कोर्ट में स्थानीय भाषाओं को प्रोत्साहन देने की जरूरत है। इससे देश के आम नागरिकों का न्याय प्रणाली में भरोसा बढ़ेगा, वो उससे जुड़ा हुआ महसूस करेंगे। देश में 3.5 लाख कैदी अंडर ट्रायल हैं, इनके मसले को निपटाने पर जोर दिया जाए। मैं सभी मुख्यमंत्रियों और हाईकोर्ट के जजों से इस पर ध्यान देने की अपील करता हूं। इस जॉइंट कॉन्फ्रेंस में सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस, केंद्रीय कानून मंत्री और सभी 25 हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस मुख्य न्यायाधीश एनवी रमन्ना भी मौजूद थे। कार्यक्रम का आयोजन नई दिल्ली के विज्ञान भवन में हुआ। इससे पहले यह कार्यक्रम 2016 में हुआ था। दिल्ली के विज्ञान भवन में हुए कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा, 2047 में जब देश अपनी आजादी के 100 साल पूरे करेगा, तब हम देश में कैसी न्याय व्यवस्था देखना चाहेंगे ? हम किस तरह अपनी न्यायिक व्यवस्था को इतना समर्थ बनाएं कि वो 2047 के भारत की आकांक्षाओं को पूरा कर सके, उन पर खरा उतर सके, यह प्रश्न आज हमारी प्राथमिकता होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा, यह संयुक्त सम्मेलन हमारी संवैधानिक खूबसूरती का सजीव चित्रण है। मुझे खुशी है कि इस अवसर पर मुझे भी आप सभी के बीच कुछ पल बिताने का अवसर मिला है। पीएम मोदी ने कहा, हमारे देश में जहां एक ओर न्यायपालिका की भूमिका संविधान संरक्षक की है, वहीं विधायिका जनता की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करती है। मुझे विश्वास है कि संविधान की इन दो धाराओं का ये संगम, ये संतुलन देश में प्रभावी और समयबद्ध न्याय व्यवस्था का रोडमैप तैयार करेगा। उन्होंने कहा, हमें अदालतों में स्थानीय भाषाओं को प्रोत्साहन देने की जरूरत है।






### हमें लक्ष्मण रेखा का ध्यान रखना चाहिए-चीफ जस्टिस

वहीं, चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया ने कहा, हमें च्लक्ष्मण रेखा का ध्यान रखना चाहिए। अगर शासन कानून के मुताबिक हो तो न्यायपालिका कभी भी उसके रास्ते में नहीं आएगी। अगर नगरपालिकाएं, ग्राम पंचायतें कर्तव्यों का पालन करती हैं, अगर पुलिस ठीक से जांच करती है और अवैध हिरासत में प्रताड़ना बंद हो जाती है, तो लोगों को अदालतों की तरफ देखने की जरूरत नहीं है।

## लेफ्टिनेंट जनरल बीएस राजू बने वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ 1 मई से संभालेंगे कार्यभार



**नई दिल्ली।** लेफ्टिनेंट जनरल बीएस राजू को भारतीय सेना का वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ नियुक्त किया गया है। लेफ्टिनेंट जनरल राजू वर्तमान में मिलिट्री ऑपरेशंस डायरेक्टर जनरल के रूप में काम कर रहे हैं। यह एक पहला मौका है जब किसी ऐसे अधिकारी को वाइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ बनाया गया है, जो सेना कमांडर नहीं रहा है।ढ्ढस्रद्ग ष्ड्ड ड्ड ढ्ढह्यञ्चक्तरूस्नञ्च ने ट्वीट किया कि जनरल एमएम नरवणे सीओएएस ने लेफ्टिनेंट जनरल बीएस राजू को भारतीय सेना के थल सेनाध्यक्ष ङ्कष्टह्रस्न के रूप में नियुक्त किए जाने पर बधाई दी। लेफ्टिनेंट जनरल बीएस राजू 1 मई 2022 को ङ्कष्टह्रस्न का पद ग्रहण करेंगे।

## इंदौर में एमबीए और बीएड के दो छात्रों ने फांसी लगाकर दी जान

**इंदौर ।** शहर में दो छात्रों द्वारा खुदकुशी करने का मामला सामने आया है। एमबीए के छात्र ने होटल में फांसी लगाई, जबकि बीएड के छात्र ने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस दोनों मामलों में जांच कर रही है ।राजेंद्र नगर थाना पुलिस के अनुसा एमबीए के छात्र प्रकाश पुत्र ब्रजमोहन निवासी टिमरनी (हरदा) ने राजेंद्र नगर स्थित होटल फार्च्यून में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह 27 अप्रैल से होटल में रुका हुआ था। उसका शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया है। उधर, बीएड के छात्र सुनील सरदार सिंह निवासी अजंदीमान मनावर ने भी भंवरकुआं थाना क्षेत्र स्थित गणेश नगर में फांसी लगा दी। दोनों छात्रों ने आत्महत्या क्यों की, अभी इसका खुलासा नहीं हुआ है। दोनों थानों की पुलिस जांच में जुटी है।

# मप्र में आठ मई से लागू होगी लाड़ली लक्ष्मी-2 योजना- मुख्यमंत्री

**इंदौर ।** प्रदेश में लाड़ली लक्ष्मी-2 योजना लागू होगी। इसमें पहले की तुलना में ज्यादा सुविधाएं जोड़ी जाएंगी। 8 मई को होने वाला आयोजन भले ही सरकारी होगा, लेकिन भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं को इसे सफल बनना होगा। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना से प्रदेश की 42 लाख बेटियां जुड़ी हैं। अब उन परिवारों से मोर्चा कार्यकर्ता घर-घर जाकर संपर्क करें और उन्हें संगठन से जोड़ें। माणिकबाग क्षेत्र के हाल में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने महिलाओं को राजनीतिक तौर पर सशक्त किया। नगरीय निकाय चुनाव में 50 प्रतिशत आरक्षण हमारी सरकार ने किया। कांग्रेस महिलाओं की क्षमता पहचान नहीं पाई। जब वह सत्ता में आई तो महिलाओं से जुड़ी योजनाएं ठंडे बस्ते में डाल दीं। उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत में महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने भी बड़ी भूमिका निभाई। संगठन में कार्यकर्ता ही सर्वश्रेष्ठ - प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि प्रदेश में संगठन को विजयाराजे सिंधिया और कुशाभाऊ जैसे वरिष्ठ नेताओं ने सींचा है। बड़े लोग तो हमसे खुद ही जु? जाएंगे, लेकिन हमें झोपड़ी में रहने वाले परिवारों को भी पार्टी से जो?ना होगा। पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन ने कहा कि संगठन में कार्यकर्ता ही सर्वश्रेष्ठ होता है।



**राहत भरी खबर**

# अब कोरोना जांच और वैक्सीन सर्टिफिकेट अनिवार्य नहीं

**नई दिल्ली।** चार धाम यात्रा की प्लानिंग करने वाले श्रद्धालुओं के लिए राहत भरी खबर है। अब यात्रा पर जाने से पहले कोरोना जांच करवाना या यात्रा के दौरान वैक्सीनेशन का सर्टिफिकेट दिखाना अनिवार्य नहीं है। इस संबंध में उत्तराखंड के मुख्य सचिव ने जरूरी दिखा निर्देश जारी कर दिए हैं। इस संबंध में हाल ही में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर मुख्य सचिव एसएस संधू ने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की थी। मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य की सीमा पर यात्रियों को होने वाली असुविधा और भीड़भाड़ से बचने के लिए अगले आदेश तक किसी भी प्रकार की जांच की आवश्यकता नहीं है। हालांकि, सभी यात्रियों के लिए चार धाम यात्रा के लिए पहले की तरह पंजीकरण कराना अनिवार्य है ।शीर्ष अधिकारी ने आगामी चार धाम यात्रा की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में सचिव स्वास्थ्य, सचिव पर्यटन, सचिव परिवहन, डीजीपी, सीईओ बीकेटीसी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। ये निर्देश ऐसे समय में आए हैं जब देश में कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं। अन्य राज्यों की तरह उत्तराखंड में भी मामलों में स्पाइक आया है। पिछले आठ हफ्तों में कोरोना पॉजिटिविटी रेट पहली बार 1 प्रतिशत को पार कर गई है। 21 अप्रैल को राज्य में 44 मामले दर्ज किए थे, जबकि 28 अप्रैल को यह संख्या बढ़कर 89 हो गई थी।

## यस बैंक धोखाधड़ी

# मुंबई-पुणे में आठ जगह सीबीआई का छापा

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई यह बैंक धोखाधड़ी मामले में शनिवार को एक बड़ी कार्रवाई की है। एजेंसी ने मुंबई और पुणे में इस मामले से संबद्ध संदिग्ध लोगों के आठ ठिकानों और कार्यालयों पर छापेमारी की। इस छापेमारी के दौरान यहां से कई दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं। गौरतलब है कि हाल ही में सीबीआई ने इस मामले से जुड़े बिल्डर संजय छाबड़िया को भी गिरफ्तार किया था ।जानकारी के मुताबिक, सीबीआई की अलग-अलग टीमों ने ये कार्रवाई की है। जहां एक ओर पुणे में बिल्डर विनोद गोयनका के ठिकानों पर छापा मारा गया है, तो दूसरी ओर मुंबई में केंद्रीय जांच एजेंसी के अधिकारियों ने शाहिद बलवा और अविनाश भोसले के आवास और कार्यालयों पर तलाशी अभियान चलाया है। सीबीआई ने छाबड़िया की गिरफ्तारी के बाद इस मामले में अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। इसका नमूना शनिवार को देखने को मिला है। यहां बता दें कि देश की प्रमुख रियल एस्टेट कंपनियों में शुमार डीबी रिएल्टी के मैनेजिंग डॉयरेक्टर (एमडी) शाहिद उस्मान बलवा हैं, जबकि विनोद गोयनका इस कंपनी में चेयरमैन हैं। बलवा पर इससे पहले भी कई तरह के आरोप लगाए जा चुके हैं, जबकि स्पेट्रम घोटाले में उसकी गिरफ्तारी भी हो चुकी है। अब यस बैंक धोखाधड़ी के मामले में भी शाहिद बलवा और विनोद गोयनका सीबीआई के निशाने पर आ गए हैं।

**विनोद गोयनका और शाहिद बलवा के ठिकानों की ली गई तलाशी**

## तेलंगाना में पुरानी इमारत ढही

# 4 लोगों की मौत

**यादाद्री-भुवनगिरी ।** तेलंगाना के यादाद्री-भुवनगिरी जिले में शुक्रवार शाम एक पुरानी घर की बालकनी अचानक से ढह गई, जिसमें दबने से 4 लोगों की मौत हो गई। वहीं, एक व्यक्ति घायल हो गया। बालकनी गिरने के बाद इमारत बनी में दुकानें भी क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मलबे के नीचे दबे लोगों को निकालने के लिए रेस्क्यू अभियान चलाया। मलबे को क्रेन के जरिए हटाया गया।



## पटियाला हिंसा पर सरकार का एक्शन

# IG और SSP हटाए गए, शहर में इंटरनेट बंद हिंदू संगठन आज निकालेंगे रोष मार्च

**चंडीगढ़** पटियाला में शुक्रवार को खालिस्तान विरोधी मार्च में हुई हिंसा के अगले दिन सरकार ने पटियाला के ढ्ढत्र राकेश अग्रवाल और स्स्क्क नानक सिंह को हटा दिया है। अब मुखविंदर सिंह छीना नए ढ्ढत्र और दीपक पारिख नए स्स्क्क होंगे। सिटी स्क्क को हटाकर वजीर सिंह खैहरा को लाया गया है। इसके अलावा ष्टरू भगवंत मान ने पूरे प्रकरण में पुलिस की भूमिका को लेकर ष्ठत्नक्क वीके भवरा से भी नाराजगी जताई है। इधर, हिंदू संगठनों ने काली माता मंदिर पर हमले के आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर आज पटियाला में बंद कॉल किया है। हालात बिगड़ने की आशंका के चलते प्रशासन ने आज सुबह साढ़े 9 बजे से शाम 6 बजे तक शहर में इंटरनेट और स्रूस्र सेवाएं बंद कर दी हैं। डोंगल से भी इंटरनेट नहीं चलेगा। शहर में शुक्रवार शाम से शनिवार सुबह तक कर्फ्यू भी लगाया गया था। पूरे पंजाब में भी हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। हिंदू संगठनों ने काली माता मंदिर के पास प्रदर्शन शुरू कर दिया है। उनकी मांग है कि मंदिर पर हमला करने वालों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करे। हिंदू तख्त और शिवसेना हिंदुस्तान की अगुआई में कई हिंदू संगठन काली माता मंदिर में इकट्ठा हुए हैं। वह रोष मार्च निकालने की तैयारी कर रहे हैं। हालांकि पुलिस का कहना है कि उन्हें इसकी इजाजत नहीं दी गई है। जिसके बाद वह काली माता मंदिर के पास ही प्रदर्शन कर रहे हैं।



## दो दिवसीय मेडिकल एजुकेशन कॉफ्रेंस एंडो-डायलॉग आज शाम से

**जबलपुर।** एशिया पैसिफिक एंडोकाईन रिसर्च सोसायटी एवं आर-आर एजुकेशन एन्ड रिसर्च सोसायटी के तत्वावधान में कोविड पेंडेमिक के बाद दो दिवसीय सबसे बड़ी मेडिकल एजुकेशन कॉफ्रेंस एंडो-डायलॉग का आयोजन आज शाम को होटल होटल शॉन एलिजे में किया जा रहा है। यह जानकारी एक पत्र वार्ता में इस कार्यक्रम के वैज्ञानिक प्रोग्राम के चेयरमेन डॉ. परिमल स्वामी एवं आयोजन समिति के चेयरमेन डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव ने देते हुए बताया कि इस काफ्रेंस में प्रदेश एवं देश के प्रमुख हारमोन विशेषज्ञों के साथ-साथ फेडेरेशन ऑफ ऐशियन सोसाईटीज ऑफ एंडोकाईनोलॉजी की प्रसिडेंट डॉ. दीना श्रेष्ठा भी सम्मिलित हो रही हैं। डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि यह प्रथम अवसर है कि नगर में एक साथ एंडोकाईन सोसाईटी ऑफ इंडिया के सचिव और देश की डायबिटीज की प्रमुख संस्था आर.एस.एस.डी.आई के प्रेसिडेंट इलेक्ट भी इस सी. एम.ई. में भाग ले रहे हैं। इस सी.एम.ई. में देश विदेश से आये चिकित्सक हारमोन संबंधी रोगों जैसे डायबिटीज, थायरॉयड, एड्रीनल ग्रंथी एवं अन्य एंडोकाईन रोगों पर विचार विमर्श करेंगे। इस अवसर पर मेडिकल पोस्ट ग्रेजुएट विद्यार्थियों द्वारा अपने रिसर्च को प्रस्तुत किया जायेगा एवं बेस्ट रिसर्च को पुरस्कृत किया जायेगा। आयोजन समिति के चेयरमेन डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि आज सांय 7 बजे इस कार्यक्रम का उद्घाटन अजय विश्नोई पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं पाटन विधायक एवं दीदी ज्ञानेश्वरी की उपस्थिति में किया। जायेगा। इस अवसर पर डॉ. जितेन्द्र जामदार, डॉ. प्रदीप दुबे, डॉ. अखिलेश गुमास्ता और डॉ. पी. सी. मनोरिया को विभिन्न क्षेत्रों में प्रदत्त सेवाओं के लिये लाईफटाईम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा।

# ईपीएफओ ने सेवानिवृत्ति के दिन सौंपे 36 पेंशन भुगतान आदेश

**जबलपुर। कर्मचारी पेंशन योजना 1995 के सदस्यों को संगठन की ''प्रयास'' योजना के तहत सेवानिवृत्ति के दिन ही पेंशन जारी किये जाने के लिए क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर निरंतर प्रयासरत है और इसी श्रृंखला में 29 अप्रैल को विभिन्न संस्थानों से सेवाविवृत्त हुये 36 पेंशन सदस्यों से संबंधित पेंशन भुगतान आदेश कार्यालय द्वारा जारी किये गये।**

राकेश सहरावत, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-1 द्वारा संस्थान मेसर्स गुरू गोबिंद सिंह एजुकेशन सोसाइटी से सेवानिवृत्त हुये श्रीमती कल्पना रावत, देवेन्द्र कुमार, महेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, संस्थान मेसर्स के0ई0सी0 ट्राँसमीशन लिमिटेड से सेवानिवृत्त हुये कालू राम सेन, श्रीमती संतोषी बर्मन, लालमन पाण्डे, मुन्ना लाल दाहिया, संस्थान सरस्वती शिशु मदिर, से सेवानिवृत्त हुये चंद्र शेखर श्रीवास्तव, संस्थान नर्मदा जिलेटीन लिमिटेड, से सेवानिवृत्त हुये राजेश दुबे तथा यश भारत प्रेस, जबलपुर से सेवानिवृत्त हुये प्रवीण अग्रहरि को पेंशन भुगतान आदेश प्रदान किये। राकेश सहरावत, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-। के आदेश पर जिला कार्यालय, सतना संस्थान मेसर्स सतना सीमेंट वर्क्स, सतना, बिड़ला केवल लिमिटेड, रीवा तथा प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड, सतना से सेवानिवृत्त हुये नौ पेंशन सदस्यों को पेंशन भुगतान आदेश प्रदान किये गये। जिला कार्यालय छिंदवाड़ा के सहयोग से मैंगनीज ओर इण्डिया लिमिटेड, भरवेली, नगर पालिका परिषद, परासिया



तथा छत्रपति शिक्षा समिति, सिवनी से सेवानिवृत्त हुये चार पेंशन सदयों को पेंन भुगतान आदेश दिये गये। श्री राकेश सहरावत, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-1 ने बताया कि कार्यालय का यह ''प्रयास'' निरंतर जारी रहेगा और भविष्य में यह प्रयास किये जायेंगे कि निजी संस्थानों से सेवानिवृत्त होनेवाले कर्मचारी पेंषन योजना 1995 के प्रत्येक सदस्य को सेवानिवृत्ति के दिन पेंशन जारी की जा सके। उन्होंने समस्त नियोक्ताओं से अनुरोध किया है कि वे अपनी संस्थान से हर माह सेवानिवृत्त होनेवाले कर्मचारियों की सूचना कार्यालय को संबंधित माह की 15 तारीक तक देवें और साथ ही आवश्यक दावा प्रपत्र कार्यालय में जमा कराये। अधिक जानकारी के लिये जनसम्पर्क अधिकारी से दूरभाष नम्बर 0761-2640680 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

### भविष्य निधि कार्यालय से सेवानिवृत्त हुये दो कर्मचारी

क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर से सेवानिवृत्त हुये वरिष्ठ सामाजिक सुरक्षा सहायक श्रीमती इन्दिरा किवे एवं सोहन लाल झारिया को क्षेत्रीय आयुक्त-1, राकेष सहरावत द्वारा कार्यालय में आयोजित सेवानिवृत्ति कार्याक्रम के दौरान पेंषन भुगतान एवं अन्य देय लाभों के आदेष प्रदान किये गये।

## सेवा निवृत्त पर 10 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भावभीनी विदाई

**पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा ने स्मृति चिन्ह के साथ साथ अवकाश नगदीकरण, बीमा, पैंशन, ग्रेज्युटी, के दस्तावेज भेंट किए**



**जबलपुर।** पुलिस कन्ट्रोलरूम जबलपुर में 62 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर जिला अपराध शाखा में पदस्थ उप निरीक्षक धनीराम उईके, सहायक उप निरीक्षक ओम प्रकाश उपाध्याय थाना कैंट, सहायक उप निरीक्षक अशोक कुमार बागरी थाना खितौला, सहायक उप निरीक्षक अथनस तिर्की पुलिस लाईन, सहायक उप निरीक्षक राजकिशोर अरेले थाना खमरिया, कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक रामनाथ यादव थाना यातायात मालवीय चौक, कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक श्री नरेश सिंह चौहान थाना कटंगी, कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक रामनारायण सिंह राजपूत डी.एस.बी., कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक गौरी शंकर शुक्ला महिला थाना, प्रधान आरक्षक चालक मोह. इश्ताक खान को पुलिस अधीक्षक जबलपुर सिद्धार्थ बहुगुणा द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उत्तर/यातायात श्री संजय कुमार अग्रवाल तथा रक्षित निरीक्षक जबलपुर श्री सौरभ तिवारी, की उपस्थिति में दीर्घायु की कामना करते हुये स्मृति चिन्ह के साथ साथ अवकाश नगदीकरण, बीमा, पैंशन, ग्रेज्युटी, के दस्तावेज भेंट करते हुये भावभीनी विदाई दी गयी।

## कवि संतोष नेमा संतोष की छांदिक कृति का विमोचन

**प्रेम, करूणा, सदभाव है- ईश्वर की उपासना**



जबलपुर। पाथेय,वर्तिका एवं मंथनश्री संस्था के संयुक्त तत्वावधान में कवि-लेखक संतोष नेमा संतोष की छांदिक कृति 'तुम बिन सूना यह संसार' का विमोचन भव्यता के साथ कलावीथिका में सम्पन्न हुआ। कृति में राधा-कृष्ण, शिव और राम को पदो में भक्तिमय आराधना की गई है। समारोह की अध्यक्षता महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद महाराज ने की। मुख्य अतिथि डॉ. जितेन्द्र जामदार, सारस्वत अतिथि आचार्य भगवत दुबे, महामहोपाध्याय डॉ. हरिशंकर दुबे, डॉ. तनूजा चौधरी एवं सूरज जायसवाल थे। समारोह में गायक गौरव इंजी. दुर्गेश ब्यौहार दर्शन ने कृति के पदों सस्वर संगीतमय प्रस्तुतिकरण किया।

## ओएफके के नये द्वार को कागज़ पर उकेरने वाले अरविंद गायकवाड़ आज उसी द्वार से हुए विदा

जबलपुर यशभारत। आयुध निर्माणी खमरिया अब करवट बदल रही है, उत्पादन के नवीनतम एवं गगनचुम्बी लक्ष्य की ओर अग्रसर यह निर्माणी को नये द्वार की सौगात भी मिल रही है। इस नये द्वार को निर्माणी के ही कैड सेन्टर के अनुभाग प्रमुख अरविंद गायकवाड़ ने ही कागज़ पर उकेरा था।वही द्वार मूर्तरूप अब ले चुका है। इसे सुखद संयोग ही कहेंगे कि श्री गायकवाड़ आज सेवानिवृत्ति पर उसी मुख्य द्वार से विदा हुए। उन्हें अनुभाग के साथी अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ एनडीजीबीजीओए खमरिया



ब्रांच के सचिव धीमान दत्ता राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मूर्ति जी उपाध्यक्ष मदन गोपाल गर्ग तथा अन्य पदाधिकारियों ने भावभीनी विदाई दी। सभी ने उन्हें नवीनतम पारी की शुभकामनायें भी दी। संगठन ने एक दिन पूर्व उन्हें एक विदाई समारोह में सम्मानित किया गया तथा उनकी कर्मठता, लगनशीलता को याद किया गया.।

## शनिश्चरी अमावस्या पर मंदिरों में विशेष पूजन



**जबलपुर,** । शनिवार को वैशाख शनिश्चरी अमावस्या पर ग्रह-नक्षत्रों का काफी दुर्लभ संयोग देखने को मिल रहा है। वैशाख अमावस्या पर बन रहा यह खास संयोग साढ़ेसाती व ढैय्या वाले लोगों के लिए बेहद कल्याणकारी है। क्योंकि शास्त्रों के नियमानुसार शनिश्चरी अमावस्या पर शनि की साढ़ेसाती, ढैया, दशा के उपाय का लाभ जल्दी मिल जाता है। शनि अमावस्या पर शहर के शनि मंदिरों में विशेष रूप से पूजन किया जा रहा है। श्री विजय सीताराम उस्ताद अखाड़ा गंगा सागर स्थित शनि मंदिर में 30 अप्रैल को शनि अमावस्या के अवसर पर विविध कार्यक्रम का आयोजन किये जा रहे हैं। मंदिर सरंक्षक गोलू ने बताया कि प्रात: शनि देव का पूजन कर अभिषेक किया गया और शाम को महाआरती के साथ भंडारा आयोजित होगा। मंदिर समिति के रामचंद जैसवाल, रचना ठाकुर, राकेश अहिरवार, अंजनी राजपूत, आयुष शर्मा सहित अन्य ने श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की है।

### हाई कोर्ट में भंडारा आज

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय अधिवक्ता लिपिक संघ जबलपुर के तत्वाधान में हाई कोर्ट परिसर में स्थित हनुमान मंदिर में अखंड मानस पाठ का शुभारंभ हुआ। मानस पाठ का समापनके उपरांत दोपहर 3:00 बजे महाआरती और महाप्रसाद के विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। संघ के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद रजक, सचिव हरि पटेल, राजकुमार तिवारी, सुधीर तिवारी, केदार दीक्षित, भूपेंद्र ढिमोले, अशोक दुबे, बनवारी लाल वर्मा, राजेश तिवारी, राघवेंद्र शिल्पकार, यशपाल चौधरी ने उपस्थिति की अपील की।

## भक्ति से संकट दूर होते हैं :मुनि श्री सुधासागर



जबलपुर। किसी वस्तु को देखकर उसको प्राप्त करने की इच्छा में लोग संक्लेश में चले जाते हैं, इससे लोग दुखी हो जाते हैं जब इच्छा पूरी नहीं होती तब लोग तनाव में आ जाते हैं। ज्ञानी भगवान को देखकर, उसके दर्शन से ज्यादा उन जैसा बनने की इच्छा रखते हैं, मुनि को देखकर मुनि बनने की इच्छा करते हैं लेकिन इसका संक्लेश नहीं करते बल्कि पुरुषार्थ प्रारंभ करते हैं, दर्शन निमित्त का करते हैं, निमित्त - पवित्र अनुभव स्वयं के पवित्र होने का हो जाता है, दर्शन पावन का करके स्वयं पावन प्रतीत होने का आभास करने वाला ही पावन की दिशा में कदम बढ़ाता है। भक्ति से संकट दूर होते हैं मुनि के दर्शन करते समय, भगवान के दर्शन करते समय की गई भक्ति से संकट दूर रहते हैं। जिसको आराध्य मानो उसको दुनिया में सर्वाधिक पवित्र ,महान शक्तिशाली ,मान कर भक्ति होती है, जितना पवित्र आराध्य को मानो उतना ही पवित्र स्वयं को मानने से ही कल्याण प्राप्त होता है।

## संविदा कर्मियों की अनदेखी कर रही सरकार

**प्रदेश के लाखों संविदा कर्मी नियमित होने के इंतजार में**

**जबलपुर।** सरकार पर संविदा कर्मियों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि प्रदेष में लाखों संविदा कर्मचारी विभिन्न विभागों में अपनी सेवा लगभग 20 वर्षो से संविदा नियुक्ति पर देते आ रहे हैं परंतु उन्हे आज दिनांक तक नियमित नहीं किया गया। साथ ही ये संविदा कर्मी सभी विभागों में नियमित कर्मचारियों के समान ही महत्वपूर्ण दायित्वों में पूर्ण निष्ठा से कार्य करते आ रहे है, परंतु वेतन उन्हे समान कार्य समान वेतन के अनुसार या अनुरूप नहीं मिलता जबकि ये संविदा कर्मी अपनी पूरी लगन और मेंहनत से ईमानदारी से अपने कार्यों का निरवहन करते है परंतु उन्हे वे सभी वित्तीय लाभ नहीं मिलते जो नियमित कर्मचारियों को मिलते हैं। शासन-प्रषासन के द्वारा उन्हे समय-समय पर आषवासन तो मिलता रहा है कि उन्हे अति शीघ्र नियमित किया जाएगा परंतु आज दिनांक तक किसी प्रकार का आदेष जारी नहीं हुआ। जिससे वे मानसिक रूप से हताष, परेषान और हलाकान हैं कि आखिर विभागों के द्वारा पूरा कार्य उनसे लिया जाता है या यूं कहें कि कई विभागों के कार्य संविदा कर्मचारियों पर ही निर्भर करते हैं परंतु उन्हे वे लाभ नहीं मिलते जो नियमित कर्मचारियों को मिलते हैं, अत: इन्हे नियमित किया जाना चाहिए।संघ के प्रांताध्यक्ष उदित भदोरिया, हेमंत ठाकरे, स्टेनली नॉबर्ट, दिनेष गौंड़, शहीर मुमताज़, राकेष श्रीवास, एनोस विक्टर, धनराज पिल्ले, सुनील झारिया, दिलीप सिंह ठाकुर, उमेष ठाकुर, योगेष ठाकरे, विनोद सिंह, नितिन सोनी, शरीफ अंसारी,एस.बी.रजक, अषोक परस्ते, अनूप डाहट, निलेष खरे, रउफ खान, आषाराम झारिया, भागीरथ सिंह, लक्ष्मण झारिया, गुडविन चार्ल्स, त्रिलोक सिंह, अनूप सिन्हा, समर सिंह ठाकुर, शैलेष जैन, रामकुमार कतिया, शैलेष पंडिया, राजेष सहारिया, नीलेष पटेल, सुनील श्रीवास्तव, प्रदीप तिवारी, संजू पांडे, गिरीषकांत मिश्रा, अजय सिंह, गोपीषाह, अजय मिश्रा, ईष्वर दत पड़रहा, शुभसंदेष, चैतन्य कुषरे, आषीष कोरी, आषीष विष्वकर्मा, वसुमुद्दीन आदि ने मुख्य मंत्री महोद्य से मांग की है कि प्रदेष के संविदा कर्मियों को नियमित किया जाए।

## निखिल भारत बंग का वार्षिकोत्सव आज से

**जबलपुर।**निखिल भारत बंग साहित्य सम्मेलन ( सर्व भारतीय) के शत वर्ष तथा जबलपुर शाखा के 38 वें वार्षिक समारोह आज 30 अप्रैल को शाम 7 30 बजे से रामकृष्ण आश्रम प्रांगण बाई का बगीचा में आयोजित है। इस अवसर पर विविध आयु वर्ग की प्रतियोगिता आयोजित की जा रहीं हैं। मुख्य समारोह 14 मई को शाम 7 बजे से शहीद स्मारक गोल बाजार में आयोजित होगा।सांस्कृतिक प्रकोष्ठ एवं निखिल बंग साहित्य सम्मेलन के इस मुख्य कार्यक्रम के अतिथि प्रणव सेन गुप्ता डा. श्रीमती ईला घोष अशोक बसु समीर रक्षित ( रायपुर) होंगे। इस अवसर पर गीतों की प्रस्तुति मनोज नाथ और उनके परिवार द्वारा नृत्य प्रस्तुति सुभिच्छा दत्ता और कविता वाचन तमाल सेन गुप्ता अमिय कुमार बबुआ श्रीमती पुष्पिका घोष श्रीमती सोनाली चाकलादार द्वारा किया जायेगा मंच संचालन श्रीमती कृष्णा दास करेंगी। कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील श्रीमती जयश्री मित्रा श्यामल मुखर्जी मनोज दास धीमान दत्ता सोमनाथ मुखर्जी प्रवीर राय अनुराग सेन गुप्ता बी आर भौमिक श्यामा कांत दास अमिताभ चौधरी श्रीमती स्वपना मुखर्जी श्रीमती सविता दास गुप्तागुप्ता ने की है।

## विद्युत विकास के लिए राज्य शासन ने के.एफ.डब्ल्यू. बैंक जर्मनी से 1120 करोड़ रूपए के ऋण का किया करार

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र को आधुनिक तकनीक से सुसज्जित कर उन्नत बनाने के लिए राज्य शासन के ऊर्जा विभाग ने एफ.डब्ल्यू. डेव्लपमेंट बैंक जर्मनी के साथ ऋण एवं अनुदान हेतु अनुबंध हस्ताक्षरित किया। भोपाल में पावर मैनेजमेंट कंपनी के क्षेत्रीय कार्यालय में राज्य शासन की ओर से ऊर्जा विभाग के सचिव व एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक विवेक पोरवाल, एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी की ओर से डायरेक्टर कॉमर्शियल राजीव केसकर एवं बैंक के प्रतिनिधि के तौर पर हेमंत भटनागर ने इस आशय के अनुबंध पत्रों पर हस्ताक्षर कर प्रदेश के विद्युत क्षेत्र को मजबूत बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाया। प्रदेश की तीनों विद्युत वितरण कंपनियों में प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यो के लिए 1400 करोड़ रूपए के वित्त पोषण हेतु पृथक ऋण अनुबंध, पृथक अनुदान अनुबंध एवं प्रोजेक्ट अनुबंध हस्ताक्षरित किए गए।

## पक्षियों को राहत दिलाने के लिए घर घर रखे सकोरे



जबलपुर। अखिल भारतवर्ष महिला परिषद मननमती शाखा रांझी द्वारा भीषण गर्मी में पक्षियों को राहत दिलाने के लिए घर घर सकोरे रखकर कार्यक्रम को सचिव शिल्पी जैन राजुल जैन सपना जैन सविता जैन साधना जैन ने सफल बनाया।

## दसवीं में शिवानी पटेल ,रितिका तिवारी,सृष्टि मिश्राने बाजी मारी



**जबलपुर।** उमरिया कुडा़री निवासी शिवानी पटेल पिता मनोज पटेल कुडा़री उमरिया हायरसेकंडरी स्कूल कक्षा10 वीं 91 प्रतिशत अंक अर्जित कर शाला का नाम रोशन किया है जिसमें शाला की प्राचार्या श्री लक्ष्मी पवैया व शाला स्टाफ पूनम दुबे आर.के.दाहिया जया बोरिया नितेश नामदेव राधेलाल कोल राकेश बर्मन सुश्री रानी कोरी एकता उपाध्याय ने खुशी जाहिर उज्जवल भविष्य की कामना की है। उधर आबट बैटन हाई सेकेंडरी स्कूल हाउसिंग बोर्ड महाराजपुर में हाल ही में घोषित माध्य माध्यमिक शिक्षा मंडल दसवीं के रिजल्ट में रितिका तिवारी ने 90.4 अंक प्राप्त किए इस सफलता बिना किसी कोचिंग की हासिल की है श्रेय अपने स्कूल टीचर माँ अंजली तिवारी पिता नरेश तिवारी को दिया। गुरुकुल स्कूल धन्वंतरि नगर की छात्रा सृष्टि मिश्रा ने 10 वीं में 94.5प्रश अंक प्राप्त किए, सृष्टि ने क्लास 1 से लेकर 10 वीं तक कोई भी ट्यूशन या कोचिंग नहीं ली है। वह गंगा नगर निवासी भास्कर मिश्रा, सुनीता मिश्रा की बेटी है।

## बोरिंग कराने पर लगा प्रतिबंध

### 2 महीने नई बोरिंग कराई तो होगी 2 साल की कैद या जुर्माना

**जबलपुर।** जिले में शासकीय व निजी नलकूप (बोरिंग) के खनन पर कलेक्टर इलैयाराजा टी ने 30 जून तक प्रतिबंध लगा दिया है। उन्होंने जिले को जल अभावग्रस्त घोषित किया है। गर्मी के दौरान जिले के नगरी निकाय व ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल की संकट की संभावना को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। कलेक्टर इलैयाराजा टी के मुताबिक जिले में पिछले वर्ष औसत से कम वर्षा व कृषि व्यवसायिक औद्योगिक कार्यों में जल स्त्रोतों का अधिक दोहन हुआ, जिससे पेयजल स्त्रोत व नलकूपों का जलस्तर तेजी से गिरा है।जल स्तर गिरने व जल स्त्रोतों के सूखे जाने की संभावना को देखते हुए सभी तहसीलों में पेयजल के अलावा अब नए निजी नलकूपों के खनन पर प्रतिबंध लगाया गया है।

नलकूप खनन मशीनों को बिना अनुमति प्रवेश नहीं
वहीं जिले की सीमा में (सार्वजनिक सड़कों से गुजरने वाली) मशीनों को छोड़कर नलकूप खनन की मशीन बिना अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की अनुमति से प्रवेश नहीं कर सकेंगे। मशीनें जिले में बिना अनुमति के न खनन कर सकेंगी न ही प्रवेश कर पाएंगी। प्रतिबंधित स्थानों में प्रवेश करने वाली खनन मशीनों के



विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाएगी। साथ ही आज शासकीय व निजी नलकूपों के खनन पर लगाए गए प्रतिबंध का उल्लंघन करने पर दोषी व्यक्ति के खिलाफ मध्य प्रदेश के पेय जल परीक्षण अधिनियम की धारा 9 के अनुसार 2 वर्ष तक का कारावास व 2000 रुपए तक का जुर्माना किया जाएगा।

# भव्यता से मनाया गया ए. डब्ल्यु. इ. एस. का स्थापना दिवस एवं शपथ समारोह

**जबलपुर। आर्मी पब्लिक विद्यालय क्रमांक 2 के प्रांगण में ए. डब्ल्यु. इ. एस. के स्थापना दिवस एवं विद्यालय परिषद के शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन किया गया।**



इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ब्रिगेडियर राजेश शर्मा, कमाडाण्ट जैक. आर. आर. सी, चेयरमेन आर्मी पब्लिक विद्यालय क्रमांक 2 एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती उर्वशी शर्मा, चेयरपर्सन एफ. डब्ल्यू. ओ. एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि देवो भव: की परंपरा का वहन करते हुए अतिथिगण के स्वागत से हुआ। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि महोदया द्वारा दीप प्रज्ज्वलन किया गया। तत्पश्चात ए.डब्ल्यु.इ.एस. की विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय के छात्र शान और यश दीप द्वारा जोशीला भाषण दिया गया।

इसी तारतम्य में गांधी जी पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें रोहित खन्ना ने अपने स्वर्गीय पिता ले. कर्नल निरंकार नाथ खन्ना, जिन्होंने अपना शरीर नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय चिकित्सालय जबलपुर को दान किया था, उनकी स्मृति में रोहित खन्ना ने पुराने सिक्के, नोट एवं एंटिक संग्रह दान किया। तत्पश्चात रोहित खन्ना ने छात्रों को संबोधित करते हुए अपनी धरोहर और देश के प्रति देशप्रेम की लहर जाग्रत की। कार्यक्रम को गति प्रदान करते हुए विद्यालय के नूतन सत्र में नव निर्वाचित विद्यालय परिषद के छात्रों को मुख्य अतिथि महोदय ने नवीन कार्यभार की शपथ दिलायी। विद्यालय के छात्र प्रतिनिधि चयन जोशी, छात्रा प्रतिनिधि ध्रुविका गुरुंग तथा समस्त विद्यालय परिषद के सदस्यों ने पूरे जोश व उमंग के साथ कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर विद्यालय के पी.टी.आई. यदुराज शर्मा जी के कुशल मार्गदर्शन में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम को रंगों तथा ताल से सराबोर करने हेतु विद्यालय के नन्हे-मुन्हों द्वारा माहौल को झंकृत करती नृत्य एवं सामूहिक गीत की प्रस्तुति दी गयी।कार्यक्रम के अंत में अतिथि ने अपने उद्बोधन में देश के दायित्वों की महत्ता एवं उसके पालन पर बल देते हुए देश के प्रति छात्रों को अपने कर्त्तव्यों का स्मरण कराया। उन्होंने सभी के हृदय में देश की आन, बान तथा शान पर मर मिटने का भाव जगाया तथा विद्यार्थियों को प्रगति की दिशा में बढ़ने हेतु उचित दिशा निर्देश दिए। समारोह के समापन में विद्यालय के मुख्य कप्तान चयन जोशी तथा ध्रुविका गुरुंग ने सभी के प्रति आभार व्यक्त कर किया। इस अवसर पर विद्यालय का आपसी तारतम्य और प्राचार्या श्रीमती शीला पाण्डेय जी का कुशल मार्गदर्शन सराहनीय रहा। संपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन कोरोना प्रोटोकॉल के तहत किया गया।

**शर्म करें जबलपुर शिक्षा विभाग के अफसर**

# बोर्ड परीक्षा में जिला 40 नंबर पर नरसिंहपुर-मंडला ने प्रदेश में परचम फहराया

**जबलपुर, यशभारत। माध्यमिक शिक्षा मंडल के बोर्ड परीक्षा गुरूवार को घोषित कर दिए गए। इस परीक्षा परिणाम के साथ तय हो गया कि किस जिले में कैसी शिक्षा व्यवस्था है। जबलपुर की बात करें तो शहर महानगर की श्रेणी में आ चुका है लेकिन यहां की शिक्षा गुणवत्ता छोटे जिलों से बेहतर नहीं है।**





अंदाजा लगाया जा सकता है कि जबलपुर का बोर्ड परीक्षा परिणाम में 40 वीं रैंक लगी है। जबकि छोटे जिले जहां पर संसाधनों की कमी है, शिक्षकों को प्रशिक्षण नहीं है फिर भी इन जिलों में परीक्षा परिणाम बेहतर आया। मालूम हो कि 10वीं और 12वीं बोर्ड के घोषित रिजल्ट में एक बार फिर बेटियां ने परचम लहराया है। हाईस्कूल में जहां 45 प्रतिशत के लगभग ही बच्चे पास हुए हैं। वहीं 12वीं में 65 प्रतिशत से थोड़ा अधिक रिजल्ट बना है। दोनों बोर्ड परीक्षाओं ने एक बार फिर साबित कर दिया कि बेटियां पढ़ाई में बेटों से आगे रहीं। 12वीं बोर्ड की परीक्षा में 62.70 प्रतिशत छात्र तो 67.58 प्रतिशत छात्राएं सफल रहीं। इसी तरह 10वीं में 40.58 प्रतिशत छात्र तो 48.77 प्रतिशत छात्राएं सफल रहीं।

### गिरता जा रहा है जबलपुर के शिक्षा का स्तर

12वीं बोर्ड की परीक्षा में कुल 17 हजार 757 बच्चे शामिल हुए थे। इसमें 11 हजार 615 बच्चे सफल हुए। वहीं 2536 बच्चों का सप्लीमेंट्री आया है। जबकि 3603 बच्चे फेल हो गए। 10वीं बोर्ड की परीक्षा में कुल 27 हजार 529 बच्चे शामिल हुए थे। 12 हजार 364 बच्चे पास हुए। वहीं 2 हजार 898 बच्चों का सप्लीमेंट्री और 12 हजार 262 बच्चे फेल हो गए। प्रदेश के बड़े जिलों में शुमार जबलपुर के लिए शर्मिंदगी की बात ये है कि प्रदेश के रिजल्ट में ये 40वें नंबर पर आया है।

### जबलपुर संभाग के दो जिलों में बेहतर परिणाम

जबलपुर की शिक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे हो चुकी है जबकि संभाग के नरसिंहपुर और मंडला जिले का परीक्षा परिणाम प्रदेश में सबसे बेहतर आया है। मंडला जिला 6 वें नंबर पर है जबकि नरसिंहपुर 12 वें इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि दोनों जिलों में बेहतर अध्यापन कार्य कराया जा रहा है।

### प्रदेश के बड़े जिले भी जगह नहीं बना पाए

जबलपुर के अलावा भोपाल-इंदौर और ग्वालियर जिलों की बात करें तो यहां भी शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इन जिलों के परीक्षा परिणाम भी बेहतर नहीं आए हैं ये जिले के प्रदेश की टाप 10 में शामिल नहीं है।

# रांझी में 2 करोड़ 40 लाख की सरकारी जमीन कब्जा मुक्त

## स्कूल को आबंटित हुई थी 12 हजार वर्गफुट जमीन



**जबलपुर, यशभारत।** रांझी के ग्राम टेमर में आज शनिवार को भू माफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए जिला प्रशासन और ननि की टीम ने स्कूल को आवंटित की गई 2 करोड 40 लाख की सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराया। यहां आरोपी ने जमीन हथियाते हुए बाउंड्रीवाल व एक कमरा बना कर कब्जा किया गया था। जिसे नेस्तनाबूत किया गया।

कलेक्टर डॉक्टर इलैयाराजा टी के निर्देशानुसार राजस्व विभाग के अमले ने रांझी तहसील के अंतर्गत डुमना रोड के समीप ग्राम टेमर में स्कूल को आबंटित 12 हजार वर्गफुट शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे से मुक्त कराया। तहसीलदार रांझी श्याम नन्दन चंदेले के अनुसार हाईस्कूल महगँवा को आबंटित इस भूमि पर रविंद्र ठाकुर पिता सूरज ठाकुर निवासी टेमर द्वारा बाउंड्रीवाल व एक कमरा बना कर कब्जा किया गया था। जिसे नगर निगम की टीम के साथ मौके पर पहुँच कर मुक्त कराया गया। उन्होंने बताया अवैध कब्जे से मुक्त कराई गई भूमि का कब्जा प्राचार्य हाईस्कूल महगँवा को सौंप दिया गया है। तहसीलदार रांझी के अनुसार मुक्त कराई गई भूमि का बाज़ार मूल्य लगभग 2 करोड 40 लाख रुपये है।






दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम की शुरुआत, विशिष्ट अतिथि आशीष शुक्ला का सम्मान करते आयोजक: फोटो बबलू

**श्री राम कालेज में टेकमोक्स का भव्य आयोजन**

# छात्रों को सदैव ही सीखने की इच्छा शक्ति अपने अंदर छिपाए रखनी चाहिए -डॉ कोष्टा

**जबलपुर।** श्री राम कालेज का उद्देश्य ही अपने छात्रों को नई तकनीकों से अवगत कराना है। इसी कड़ी में छात्र -छात्राओं के उत्साह को प्रोत्साहन में बदलने के लिये आज एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न सांकृतिक कार्यक्रमों के साथ एक टेक्नीकल सेशन का आयोजन डॉ एसपी कोष्टा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। विशिष्ट अतिथि यश भारत के संस्थापक आशीष शुक्ला, डॉ एस के पटेल ,रामेद्र करसौलिया, सोनम करसोलिया तिवारी, राजूल करसौलिया रहे कार्यक्रम की शुरुआत में सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं शाल श्री फल से स्वागत किया गया तत्पश्चात सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का आगाज किया गया। मुख्य अतिथि डॉ कोष्टा ने अपने अनुभव को छात्रों के साथ साझा किया। उन्होंने कहा कि छात्रों को सदैव ही सीखने की इच्छा शक्ति अपने अंदर छिपाए रखनी चाहिए जिस से वे हमेशा ही कॉपोरेट जगत में आने वाली नई तकनीकों के बारे में सीख सकते हैं। कार्यक्रम के संयोजक श्री राम कॉलेज के ट्रेनिंग विभाग के एचओडी संदीप सिन्हा ने बताया कि संस्कारधानी के इतिहास में यह पहली बार है कि किसी कालेज कालेज के 500 से अधिक छात्रों ने एसक्यूएल में सर्टिफिकेशन के साथ गोल्ड बैच हासिल किया हो लेकिन यह कारनामा श्री राम कालेज के लिए वर्ष तथा एमसीए प्रथम वर्ष के छात्रों ने कालेज की ट्रेनिंग टीम के कुशल मार्गदर्शन में कर दिखाया है कार्यक्रम के



विष्शिट अतिथि डॉ पटेल ने बताया कि कालेज के मुख्य ट्रेनर संदीप सिन्हा को कार्पोरेट इंडस्टी का 18 वर्ष का अनुभव है और वे अपना अनुभव छात्रों के साथ न सिर्फ बांट रहे हैं बल्कि उन्हें कैम्पस से कार्पोरेट के लिये तैयार कर रहे हैं छात्रों को इस मुकाम पर पहुंचाने में ट्रेनिंग विभाग के दीपकांत मिश्रा, सुनील यादव, दीपेश श्रीवास, सोनिया विश्वास रोहतक तिवारी एवं प्रभात केवट का अहम योगदान रहा। कार्यक्रम में सभी प्राचायों के साथ सभी विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। संचालन सोनिया विश्वास एवं दीपक मिश्रा ने एवं आभार प्रर्दशन संदीप सिन्हा ने किया।

# लाखों मेधावी छात्रों को मिलेगी मदद :श्री तन्खा

## रोटरी है तो संभव है के तहत फर्स्ट इन क्लास योजना



**जबलपुर यशभारत।** रोटरी इंटरनेशनल क्लब द्वारा मेधावी छात्रों के लिए कक्षा में प्रथम आधारित परियोजना का शुभारंभ किया गया है।जिससे लाखों मेधावी छात्रों को लाभ होगा। उक्त जानकारी राज्य सभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा ने ट्विटर के माध्यम से दी है।श्री तन्खा ने बताया कि हैदराबाद में रोटरी के इंटरनेशनल अध्यक्ष सुमित और रोटरी इंटरनेशनल के अध्यक्ष शेखर तथा उनके मित्रों ने इसे शुरू किया है।जिसका उद्घाटन प्रेसिडेंट कार्तिकेय ने प्रस्तुति करण कर किया है।जिसे फर्स्ट इन क्लास प्रोजेक्ट निरुपित किया है। इस परियोजना से देश के लाखों बच्चे लाभान्वित होंगे।श्री तन्खा ने नारा दिया कि रोटरी है तो संभव है।

# अजब-गजब : गाड़ी चलाने मांगी और बेचकर हो गया फरार, पति के दोस्त ने दिया धोखा



**जबलपुर, यशभारत।** लार्डगंज के पुष्पनगर कछपुरा में पति के दोस्त ने महिला से चलाने के लिए एक्टिवा वाहन मांगा और फिर चंपत हो गया। महिला ने जब आरोपी से गाड़ी वापस करने की बात की तो उसने दो टूक कह दिया कि गाड़ी तो बेंच दी, अब दूसरी ले लो। जिसके बाद हैरान और परेशान महिला ने थाने में आरोपी के खिलाफ शिकायत की है। पुलिस ने अमानत में खयानत का मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।

पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि सकुन बाई निवासी पुष्पनगर ने बताया कि कुछ दिन पहले उसकी एक्टिवां एमपी 20 एसजी 2032 को उसके पति के दोस्त ने चलाने के लिए मांगी तो उसने दे दी। लेकिन पूरा दिन बीत जाने के बाद दूसरा दिन भी बीत गया, लेकिन आरोपी गाड़ी वापस लेकर नहीं आया। जब उसने पूछा तो बताया गया कि गाड़ी बिक गयी है। जिसके बाद महिला ने अपनी गाड़ी मांगी लेकिन आरोपी चंपत हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।

# बेकाबू कार चालक ने सायकिल सवार को रौंदा, मौत : ऑटो चालक को मारी टक्कर

**पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला कायम कर, आरोपी को तलाश करने में जुटी है**

**जबलपुर, यशभारत।** मेट्रो बस स्टाप सूपाताल के पास दरमियानी रात एक बेकाबू कार ने सायकिल सवार और चालक चालक को जोरदार टक्कर मार दी। घटना के दौरान सायकिल सवाल अधेड़ टक्कर लगने के बाद रोड से उछलकर दस फिट दूर जा गिरा। हादसे में सायकिल सवार अधेड़ को सिर में गंभीर आईं। दोनों घायलों को राहगीरों ने मेडिकल अस्पताल में भर्ती किया, जहां सायकिल सवार को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, ऑटो चालक की भी स्थिति नाजुक है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला कायम कर, फरार आरोपी को तलाश करने में जुटी है।

जानकारी अनुसार रवि कुशवाहा ने पुलिस को बताया कि दरमियानी रात वह अपने दोस्त शुभम शर्मा के साथ गढ़ा बजार देवताल से अपने घर बेदीनगर आ रहा था। उसके आगे उसके पिता अच्छेलाल कुशवाहा जा रहे थे, जैसे ही मेट्रो बस स्टाप सूपाताल के पास पहुंचे तभी पीछे से आ रही कार क्रमांक एमपी 20 सीके 1250 के चालक ने तेज गति लापरवाही से चलाते हुये पिता की साईकिल में टक्कर मार दी। इतना ही नहीं बेकाबू कार चालक ने आगे ऑटो चालक को भी टक्कर मार दी। जिसके बाद लहूलुहान अवस्था में पिता और आटो चालक को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# बारात लेकर गए परिवार के सूने मकान में चोरों का धावा

**कुंदे काटरक जेवरात समेत 25 हजार नगदी में हाथ साफ कर हुए चंपत**

**जबलपुर, यशभारत।** कोतवाली के चेरीताल में बेटे की शादी करने बारात लेकर रीवा गए एक परिवार के सूने मकान के घर चोरों ने धावा बोलते हुए कुंदा काटकर सोने-चांदी के जेवरात समेत 25 हजार रूपये नगदी लेकर चंपत हो गए। जब पीड़ित घर पहुंचा तो कुंदा कटे हुए देखकर हैरान रह गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर, आसपास लगे सीसीटीव्ही फुटेज खंगालने में लगी है। पुलिस ने बताया कि रामसुफल कोल 66 वर्ष निवासी चेरीताल ने पुलिस को बताया कि वह परिवार सहित अपने छोटे बेटे की शादी करने के लिये रीवा गया था। शादी करके वापस लौटा तो देखा कि मेन गेट का ताला लगा हुआ था। ताला खोलकर अंदर जाकर देखा तो अंदर के कमरों के दरवाजों के कुंदे कटे थे। कमरों में सामान बिखरा पड़ा था, चैक करने पर सोने की झुमकी, करधन, पानी की छोटी मोटर तथा 25 हजार रूपये नगदी गायब थे।

### दहेज में 10 लाख की डिमांड कर, पीड़िता को घर से निकाला

**जबलपुर, यशभारत।** रांझी में दहेज प्रताड़ना का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जिसमें पीड़िता को प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया और अब वापस ससुराल आने के लिए दहेज में 10 लाख की डिमांड कर रहे है। जिसके बाद पीड़िता करीब एक साल से अपनी बच्ची को लेकर मायके में ही रह रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर, फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है। जानकारी अनुसार 34 वर्षीय निवासी इंद्रानगर ने बताया कि उसकी शादी 2020 को गोसलपुर निवासी रविन्द्र तंतुवाय के साथ हिन्दू रीति रिवाज से हुयी थी। शादी के लगभग 2 माह बाद से ही पति रविन्द्र तंतुवाय, सास सुमित्रा एवं नंद खुशबू दहेज की मांग कर उसे शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे। उसके विरोध करने पर ताने मारते थे कि दहेज में ब्राण्डेड सामान नही मिला ,ननद एवं सास मायके से 10 लाख रूपये लाने का दबाव बना रहे थे। पति से तलाक लेने एवं दूसरी शादी करने का उलाहना मारते थे। पुलिस ने मामले में धारा 498 ए, सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।

# वार्षिक रिपोर्ट में पश्चिम मध्य रेल पूरे भारत में अव्वल



**मार्च 2022 में पमरे 79 प्रतिशत के साथ शीर्ष स्थान पर**

**जबलपुर यश भारत।** भारतीय रेल पर वार्षिक रिपोर्ट के दौरान त्रैमासिक आंकलन के साथ केपीआई (की परफॉर्मेंस इंडिकेटर) में अप्रैल से मार्च अवधि के दौरान की गई विभिन्न कार्यों में रेल राजस्व के मदों का आंकलन किया गया है। गौरतलब है कि पश्चिम मध्य रेल द्वारा वार्षिक रिपोर्ट के त्रैमासिक आंकलन के साथ माह जनवरी 2022 से मार्च 2022 तक केपीआई रिपोर्ट के अंतगर्त पुरे भारतीय रेलवे में शीर्ष स्थान पर है।*रेलवे बोर्ड द्वारा केपीआई रिपोर्ट के अंतर्गत विभिन्न परफॉर्मेंस का इवैल्यूएशन का पैरामीटर निर्धारित रहता है। इस प्रदर्शन में पश्चिम मध्य रेल अपने सभी पैरामीटर के आंकलन में बेहतर प्रदर्शन करके भारतीय रेलवे में अव्वल रहा है।

*इन कार्यों में किया बेहतर प्रदर्शन* *वित्तीय प्रदर्शन -इसके अंतर्गत रेलवे राजस्व, सामान्य कार्य व्यय, संड्री रेल राजस्व एवं पूँजीगत व्यय के साथ बेहतर प्रदर्शन किया। वित्तीय प्रदर्शन से भारतीय रेल के राजस्व में अधिक वृद्धि करना एवं व्यय को कम करने का फायदा होता है। *परिचालन संबंधित माध्यम- इसके अंतर्गत ओरिजिनेटिंग यात्री यातायात, ओरिजिनेटिंग फ्रेट लोडिंग, समयपालनता, औसतन गति फ्रेट ट्रेन, डीजल लोको की उपयोगिता, इलेक्ट्रिक लोको की उपयोगिता एवं वैगनों की उपलब्धता सुनिश्चिती के साथ बेहतर प्रदर्शन किया गया है। सरंक्षा प्रदर्शन-सरंक्षा प्रदर्शन में बेहतर आंकलन के साथ शत प्रतिशत प्रदर्शन किया गया है। ट्रैक नवीनीकरण/ रखरखाव -इसके अंतर्गत ट्रैक नवीनीकरण की प्रगति, टर्नआउट्स की डीप स्क्रीनिंग, ट्रैक की डीप स्क्रीनिंग एवं ट्रैक मशीन के लिए औसत रखरखाव ब्लॉक के आंकलन के साथ बेहतर प्रदर्शन किया गया है।इसके आंकलन से पता चलता है कि ट्रैकों का रखरखाव किस प्रकार से किया जा रहा है। पीओएच ऑउटटर्न - इसके अंतर्गत कोचों एवं वैगनों का पीओएच ऑउटटर्न का आंकलनके साथ बेहतर प्रदर्शन किया गया है। पीओएच ऑउटटर्न आकंलन में कोचों एवं वैगनों की उपलब्धता सुनिश्चित करके अधिक से अधिक लोडिंग को बढ़ाने के साथ रेल राजस्व में वृद्धि कर बेहतर प्रदर्शन किया जा सके भारतीय रेल पर विभिन्न प्रकार के एसेट -सभी जोनल रेलवे पर विभिन्न प्रकार के एसेट जैसे ट्रैक, सिंग्नलिंग, वैगन एवं लोको इत्यादि की विश्वसनीयता को सुनिश्चित करना बहुत अहम है जिससे रेलवे का सम्पूर्ण परिचालन सुगम तरीके से हो और रेल राजस्व में बढ़ोत्तरी हो सके।

# लोडिड पिस्टल के साथ बदमाश धराया वारदात को अंजाम देने निकला था आरोपी



**18 हजार का पिस्टल खरीदकर देने जा रहा था वोरदात को अंजाम**

**जबलपुर, यशभारत।** चरगवां पुलिस ने पल्सर सवार को घेराबंदी कर दबोचते हुए लोडिड पिस्टल और कारतूस जब्त किए है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने एक युवक से 18 हजार रुपए में पिस्टल खरीदी थी और 500 रुपए में कारतूस खरीदे थे। अब पुलिस हथियार तस्कर के गिरेबां तक पहुंचने ऐड़ी चोटी का जोर लगा रही है। जानकारी अनुसार थाना प्रभारी चरगवां विनोद पाठक ने बताया कि सूचना मिली कि ग्राम गंगई से एक युवक लोडेड पिस्टल खोसकर कोई घटना घटित करने के लिए ग्राम डुंगरिया तरफगया है, सूचना पर डुंगरिया में खदान के पास दबिश दी गई जहां पुलिस को देखकर आरोपी नीरज उपाध्याय 30 वर्ष निवासी ग्राम गंगई थाना चरगवां अपनी पल्सर बाइक से भागने लगा। जिसे घेराबंदी कर दबोच लिया गया। तलाशी लेने पर कमर में पिस्टल खोंसे मिला , पिस्टल की मैग्जीन चैक करने पर 2 कारतूस लोड मिले।

### ढाबा में काम करते हुए पिस्टल क्रय किया

आरोपी नीरज उपाध्याय ने उक्त पिस्टल एवं कारतूस के संबंध में पूछताछ पर बताया कि लगभग 01 वर्ष पहले बैतूल में रहकर ढावा में काम करता था वहां ढावा में खाना खाने वाले राजेश चौबे से पिस्टल 18 हजार रूपये तथा 2 कारतूस 500 रूपये में खरीदे थे। जिसकी तस्दीक की जा रही है। आरोपी नीरज उपाध्याय से एक पिस्टल एंव 2 कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल पल्सर क्रमांक एमपी 20 एमपी 2567 एवं एंड्राइड मोबाईल सेमलंग कम्पनी का जप्त करते हुये कार्रवाई की गई।

**कार्यालय प्राचार्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण केन्द्र अधारताल जबलपुर**

ई मेल -aetcjbp@rediffmai.com मो. नं 9575425055

क्र/स्टोर/2022-23/32 जबलपुर दिनांक 28/4/2022

**निविदा**

कार्यालय प्राचार्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण केन्द्र अधारताल जबलपुर में वित्तीय वर्ष 2022-23 में आयोजित होने वाले प्रशिक्षणों में स्टेशनरी/सैनेटरी/फ्लैक्स वैनर/टाईपिंग/फोटोकापी/ कम्प्यूटर कार्य रखरखाव एवं सामग्री /किराये के वाहन/ विद्युत रिपेयरिंग कार्य कैटरिंग (चाय नाश्ता भोजन सुबह शाम) हेतु पंजीकृत संस्थाओं से निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदाकार अपनी दरें कार्यालयीन समय में निविदा शर्तों की जानकारी एवं निर्धारित निविदा प्रपत्र रुपए 500 रुपए के नगद भुगतान कर प्राप्त कर सकते हैं। निविदा शर्तों के पालन एवं मय धरोहर राशि के ड्राफ्टसहित पूर्ण रूपेण भरी हुई मुहुर बद निविदायें दिनांक 13 मई 2022 को अपरान्ह 2 बजे तक स्वीकार की जावेंगी। दिनांक 13 मई 2022 को अपरान्ह चार बजे निविदाओं को समिति के समक्ष खोला जावेगा। निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत एवं निरस्त करने का अधिकार प्राचार्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण केन्द्र अधारताल जबलपुर को होगा।

प्राचार्य
कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण केन्द्र
,अधारताल जबलपुर



## संपादकीय

# जलवायु परिवर्तन से बचाव के उपाय तुरंत करें

देश में गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है और तापमान के तमाम रिकॉर्ड टूट रहे हैं। शुक्रवार को दिल्ली सहित कई राज्यों में पारा 45 डिग्री के पार रहा। देश के बड़े हिस्से में तापमान वृद्धि से उपजी मुश्किलों से लोग दो-चार हैं, जो इंटर गवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज की दो माह पूर्व आई उस रिपोर्ट पर मोहर लगाती है, जिसमें बढ़ते तापमान से उपजे संकट की ओर इशारा किया गया था। चिंता की बात यह है कि ये प्रभाव निर्धारित समय से काफी पहले दिखाई दे रहे हैं। आज देश के कई हिस्से भीषण गर्मी की गिरफ्त में हैं जिससे सामान्य जन-जीवन प्रभावित है और लाखों लोगों की जिंदगी व आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव नजर आ रहा है। बढ़ती गर्मी के चलते देश भर में बिजली की मांग में तेज उछाल आया है जिसके चलते नया बिजली संकट पैदा हो रहा है क्योंकि इससे थर्मल पावर स्टेशनों में कोयले की आपूर्ति दबाव में आ गई है। विडंबना यह है कि कोविड संकट के दौरान देश को संबल देने वाले कृषि क्षेत्र में संकट की दस्तक दिखायी दे रही है। चिंता की बात यह है कि खराब मौसम के चलते गेहूं की उत्पादकता में गिरावट आई है। हमें जलवायु परिवर्तन के लगातार घातक होते दायरे को महसूस करना चाहिए। इस साल मार्च में गर्मी का पिछले 120 साल का रिकॉर्ड टूटना इस संकट की ओर ही इशारा कर रहा है। वक्त की मांग कि हमारी कृषि व लोगों की जीवन शैली को जलवायु संकट से उत्पन्न चुनौतियों के मुकाबले के लिये तैयार किया जाये। उन फसलों पर शोध व अनुसंधान की जरूरत है जो कम पानी व अधिक तापमान में उगायी जा सकती हैं। तभी हम जलवायु संकट से उपजे हालात का सामना करते हुए अपनी बढ़ती आबादी के लिये खाद्यान्न उपलब्ध करा पायेंगे जिसमें जहां एक ओर किसानों को नये फसल चक्र को अपनाने के लिये प्रेरित करने की जरूरत हैं, वहीं आम लोगों को जीवन शैली में बदलाव के लिये मानसिक रूप से तैयार करने की भी जरूरत है। तभी हम इस चुनौती का मुकाबला कर सकते हैं। दरअसल, विशेषज्ञ चेता रहे हैं कि अत्यधिक तापमान जलवायु परिवर्तन के सीधे संबंधों को दर्शाता है। भारत में लंबे समय से इस दिशा में प्रयास भी हुए हैं। बीते साल नवंबर में ग्लासगो में संपन्न कॉप-26 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने भारतीय संस्कृति में पर्यावरण संरक्षण के महत्व को दर्शाते हुए पूरी दुनिया को बताया था कि भारत जलवायु संकट की चुनौती का मुकाबला करने के लिये गैर जीवाश्म ऊर्जा क्षमता को पांच सौ गीगावाट तक बढ़ाएगा। साथ ही वर्ष 2030 तक भारत अक्षय ऊर्जा स्रोतों के जरिये देश की ऊर्जा जरूरतों का पचास फीसदी का लक्ष्य हासिल कर लेगा। लेकिन देश के कुछ बड़े राज्यों की इस दिशा में शिथिलता चिंता बढ़ाने वाली है, जो गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता को बढ़ाने के लिये पर्याप्त प्रयास नहीं कर रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि भारत जैसे देश में सौर ऊर्जा का पर्याप्त दोहन नहीं किया जा रहा है, जहां साल भर अधिकांश हिस्सों में पर्याप्त मात्रा में धूप उपलब्ध होती है। निस्संदेह, कोयले व अन्य जीवाश्म ईंधनों के जलने से होने वाले उत्सर्जन से ही संकट विकट होता जा रहा है। आज भी भारत दुनिया में कोयले के सबसे बड़े उपभोक्ताओं में शामिल है। भारत को क्रमबद्ध रूप में कोयले पर अपनी निर्भरता को कम करना होगा। कालांतर इसे कम करने में तेजी लाने की जरूरत होगी। इसमें दो राय नहीं है कि कोयले पर अधिक निर्भरता भविष्य में आपदा की वजह बन सकती है। जब इस संकट का असर हमारी खेती पर तेजी से पड़ रहा है तो हमारी खाद्य सुरक्षा भी खतरे में आ सकती है। इसके लिये जरूरी है कि किसानों जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिये नई कृषि तकनीकों के इस्तेमाल के लिये प्रेरित किया जाना चाहिए। गर्मी हमें आसन्न संकट के बाबत चेता रही है। बता रही है कि हमारे पास इसे और टालने का समय नहीं है। यदि अब भी हम न जागे और सख्त कदम नहीं उठाये तो हमें फिर बचाव का अवसर नहीं मिलेगा।

# दीर्घकालिक कोविड प्रभावों के उपचार की चुनौती

दो साल से ज्यादा हो चुके हैं दुनिया को कोविड-19 महामारी की शुरुआत देखे, यह मानव जाति को बुरी तरह प्रभावित करने वाले स्पेनिश फ्लू के 100 साल बाद आई है। भारत में सार्स-कोव-2 के विभिन्न रूपांतरों की वजह से इसकी लहरें बार-बार आई हैं, जिसमें डेल्टा वेरिएंट अब तक सबसे घातक रहा। अनेक देशों में पुन: नए मामले बढ़ने की खबरें हैं, जिसके पीछे डेल्टा और ओमीक्रॉन का संकरित रूपांतर बताया जा रहा है। भारत में भी कोविड की अगली लहर आने की संभावना है, लेकिन उम्मीद है, बड़े पैमाने पर हुए टीकाकरण से शायद हम पिछले साल जैसे हाल से बच सकेंगे।

सार्स-कोव-2 वायरस से प्रभावित जिन लोगों में बीमारी अति गंभीर थी, उनके अंदर लक्षण संक्रमित होने के 4-5 दिनों बाद विकसित हुए थे। जैसे कि, बुखार, गले में दर्द, खांसी, शरीर दर्द, स्वाद या गंध हीनता और दस्त मुख्य थे। आमतौर पर प्रभावित व्यक्ति लक्षण प्रकट होने के 7-10 दिनों के अंदर ठीक हो जाता था, बहुत ज्यादा बीमार या अति गंभीर बने लोगों को ठीक होने में 3-6 हफ्ते लगते थे। फिर भी, भुक्तभोगियों में एक खासी संख्या उनकी है जिसे 'लंबा-कोविड' (लॉन्ग कोविड) कहते हैं। इसको पोस्ट कोविड सिंड्रोम भी कहा जाता है। इनकी प्रवृत्ति निरंतर बने रहने या अंतरालों के बाद पुन: उभरने वाली हो सकती है। लॉन्ग-कोविड की परिभाषा पहली बार सोशल मीडिया पर इस्तेमाल हुई थी, जिसका भावार्थ सार्स-कोव-2 संक्रमण शुरू होने के बाद हफ्तों या महीनों तक लक्षण बने रहना है। इस अवस्था के लिए पहली मर्तबा, छोटे बच्चों के अध्यापक एमी वाटसन और विज्ञान पत्रकार एड योंग ने नया शब्द लॉन्ग-हॉलर यानी लंबे समय तक तंग करने वाला, इस्तेमाल किया था।

पोस्ट कोविड सिंड्रोम से पीड़ित अधिकतर मरीजों की पीसीआर रिपोर्ट निगेटिव आती है, जो कि उनकी माइक्रोबायोलॉजी ठीक होना बताती है। लक्षणों की अवधि के आधार पर पोस्ट कोविड या लॉन्ग कोविड को दो चरणों में बांटा जा सकता है। पहला, पोस्ट एक्यूट कोविड जहां लक्षण तीन हफ्ते से अधिक किंतु 12 सप्ताह से कम होते हैं, और दूसरा क्रॉनिक कोविड जहां लक्षण 12 सप्ताह से अधिक चलें। खबरें हैं कि कोविड झेल चुके 50-80 प्रतिशत लोगों में अस्थिर अवधि वाले लॉन्ग टर्म सिंपटम्स हो सकते हैं, कुछ को प्रभाव ज्यादा सता सकते हैं और उनकी जीवन-गुणवत्ता प्रभावित होती है। ऐसे 50 से अधिक लक्षणों की शिनाख्त हो चुकी है, लगातार थकावट रहना सबसे आम चिन्ह है। इसके बाद नंबर आता है, सिरदर्द, ध्यान में कमी, गंध या स्वाद का पता न चलना, सांस लेने में कठिनाई और खांसी। जिन मरीजों के फेफड़े प्रभावित हुए हों, उनमें परिणाम स्वरूप पैदा हुई फाइब्रोसिस (तंतु कड़े होना) सांस संबंधी क्षमता सीमित कर देती है। हृदय-धमनियों की जटिलता के मामले न सिर्फ कोविड प्रभावित मरीजों में देखे गए बल्कि लक्षण रहित व्यक्ति में भी। अति गंभीर कोविड स्थिति के साथ अस्पताल में भर्ती होने वालों में 20-30 प्रतिशत में मायओकार्डियल अलग से होने के सबूत मिले हैं। लंबी अवधि के कोविड लक्षण वालों में कार्डियो मेटाबॉलिक डिमांड, मायओकार्डियल फाइब्रोसिस या मायओकार्डियल स्कार, पर्सिस्टेंट लेफ्ट वेंट्रिकुलर डिस्फंक्शन, हार्ट फेल्योर, एरिथाइमियस और ऑटोनॉमिक डिस्फंक्शन में इजाफा देखने को मिला है। ऐसे मरीजों में ठीक होने के बाद भी लंबे समय तक छाती दर्द, श्वास प्रक्रिया में बदलाव और थकावट रहना बार-बार पाया गया है। लंबी अवधि तक कोविड लक्षणों से एक बड़ी चिंता मानसिक स्वास्थ्य पर असर पड़ना है, जैसे कि, अवसाद, तनाव, चिंता और निद्रा-भंग। कोविड से ठीक हुए लोगों में अत्यधिक थकावट, पोस्ट-ट्रॉमैटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर, सब्सटांस-ड्रग एब्यूस और अनिश्चितता भरे जीवन, लाचारी और डरङ्क खासकर ठीक हो पाऊंगा या नहीं- पाया गया है। जिन्होंने लहर के दौरान किसी तरह अस्पताल में बिस्तर या दवाएं पा ली थीं या भीड़ भरे सघन चिकित्सा वार्ड में इलाज की मुश्किलों को भुगता है, उनके दिलो-दिमाग पर लंबे वक्त तक इनका असर बना रहता है। कुछेक में कोविड संक्रमण के दौरान या उपरांत थ्रॉम्बोएंब्रोलिक जटिलताएं बनी हैं जिसके नतीजे में मस्तिष्क आघात या हार्ट अटैक आए, इससे थक्कारोधक दवाओं के प्रोफाइलैक्टिक इस्तेमाल की जरूरत को लेकर बहस चली।

कोरोना वायरस से संक्रमित होने के बाद डायबिटिक्स का उद्भव एक अन्य चिंता है। कोविड रोगियों में टाईप-2 डायबिटिस के नए मामले आने की खबरें हैं। इसका संबंध पेनक्रियास पर वायरस के प्रभाव से हो सकता है या इलाज के दौरान स्टेरॉयड जैसी दवाओं की वजह से भी। गुर्दे संबंधी जटिलताएं भी लॉन्ग कोविड को गुंझलदार बना देती हैं। अति गंभीर कोविड बीमारी वालों में लंबे वक्त तक बीमारी के बचे-खुचे असर से किसी खास अंग पर प्रभाव पड़ सकता है या इससे संक्रमण से डायबिटिस, सांस घुटने की शिकायत वाले पुराने श्वास रोग, पुराने गुर्दा रोग गंभीर हो सकते हैं।

अध्ययन बताते हैं, अति गंभीर कोविड मामले, जहां इलाज के दौरान इम्युनो स्प्रेसांट दवाएं दी गईं, उनमें लॉन्ग कोविड लक्षण बनने की संभावना आम कोविड मरीजों की बनिस्बत छह गुणा ज्यादा है। इसके अलावा, जिन्हें ऑक्सीजन लगाने की जरूरत पड़ी, उनमें 40 फीसदी में तंग करने वाले दीर्घकालिक कोविड लक्षणों की शिकायतें पाई गईं। महिलाओं में लॉन्ग कोविड सिंपटम्स की संभावना दोगुणी है। जिन लोगों में पहले भी अन्य बीमारियां थीं, जैसे कि, उच्च रक्तचाप, मोटापा और डायबिटिस, उन्हें भी लॉन्ग कोविड ज्यादा हुआ है। कोविड-वैक्सीन लगवाने वालों में वैक्सीन रहित के मुकाबले लॉन्ग कोविड बनने की आवृति कम है।

कोविड महामारी ने मिलकर अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान करने को बढ़ावा दिया है और नई प्रतिरोधक दवाएं और इलाज नीतियां अपनाने को गति दी है। नई वैक्सीन विकसित करने में दशकों तक चलने वाले अनुसंधानों के विपरीत सार्स-कोव-2 के जिनॉमिक स्ट्रक्चर की तफ्सील पता चलने के एक साल के अंदर दुनिया ने कई किस्म की वैक्सीन बनते देख लीं। जबकि वर्ष 2020 से पहले तक एमआरएनए तकनीक पर आधारित किसी उत्पाद को कभी भी मंजूरी नहीं मिल पाई थी, लेकिन दो साल के अंदर ही, कोविड रोधक एमआरएनए टीकों की सफलता ने इस तकनीक और अनुसंधान की राहें खोल दी हैं। भारत के लिए भी, स्वदेशी वैक्सीन विकसित कर लेना बहुत संतोषजनक रहा।

अभी भी यह पक्का नहीं है कि लॉन्ग कोविड के कुछ लक्षण पूरी तरह जाने में कितना समय लगेगा। शरीर में कुछ नुकसान स्थाई हो सकते हैं जैसे कि लंग फाइब्रोसिस या ऑटो इम्युनिटी गड़बड़। दीर्घकालीन अध्ययन इन पर कुछ प्रकाश डाल सकते हैं। इस बीच, ऐसे रोगियों को देखभाल की जरूरत है क्योंकि बहुत बार बीमारी का ठोस सबूत नहीं होता और इससे मरीज सही देखभाल पाने या ढूंढ़ने में असफल रहते हैं। बहुत से लोगों को कह दिया जाता है यह केवल 'मन का वहम' है क्योंकि कुछ चिकित्सकों को खुद बीमारी के बाद बनने वाले सिलसिलेवार प्रभावों का भान नहीं होता। इस बाबत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा डाक्टरों के लिए कोविड उपरांत लड़ीवार स्थितियों के प्रबंधन हेतु राष्ट्रीय बृहद निर्देशावली जारी करना श्लाघा योग्य है। वहीं कोविड के निरंतर लक्षण वाले लोगों के लिए बने इंडिया कोविड सेवियर ग्रुप जैसे सहायता समूहों की और ज्यादा मदद करने की भी जरूरत है।

**-राकेश कोछड़**

# मानव मुक्ति को समर्पित एक आंदोलन

हर साल एक मई को मनाया जाने वाला 'मई दिवस' दुनिया भर के मेहनतकशों का एक अहम अवसर है। इस दिन श्रमिक वर्ग शोषण से मुक्ति के संकल्प को नई ऊर्जा के साथ उद्घोषित करते हैं। अमेरिका में 1886 के शिकागो शहीदों को समर्पित मई दिवस धर्म, जाति, समुदाय, क्षेत्र, लिंग आदि से ऊपर उठकर समानता, न्याय और आत्मसम्मान के लिए संघर्ष का एक विशिष्ट अंतर्राष्ट्रीय प्रतीक माना जाता है।

1 मई, 1886 को शिकागो की एक बड़ी सभा के रूप में श्रमिक असंतोष दर्ज हुआ था और अमेरिका के लाखों मजदूरों ने उस दिन हड़ताल की थी। दरअसल जो हिंसक घटना रची गई वह 4 मई को हुई थी जिसे बहाना बनाकर सात प्रमुख श्रमिक नेताओं पर मुकदमा चलाकर उन्हें 1887 में फांसी की सजा सुनाई गई। चार श्रमिक नेताओं को फांसी दी गई, एक ने फांसी से पहले जेल में आत्महत्या कर ली और दो की सजा उम्र कैद में बदल दी गई। मुकदमे के फर्जीवाड़े का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि 1893 में गवर्नर जॉन पीटर ने उम्र कैद के दोषियों को यह कहकर बरी कर दिया था कि पूरे मुकदमे में पर्याप्त सबूत नहीं थे और मुकदमे की कार्रवाई न्यायोचित नहीं थी। अफसोस कि फांसी देकर जिनकी जान ले ली गई वे गवर्नर के न्यायपूर्ण फैसले के बावजूद, वापस नहीं आ सकते थे। यह मात्र संयोग ही नहीं कहा जा सकता कि इस मुकदमे और भगतसिंह व उनके साथियों पर चले मुकदमे में कमाल की समानता है। ध्यान रहे कि भगतसिंह व बटुकेश्वर दत्त ने भी पब्लिक सेफ्टी बिल के विरोध में ही संसद में नकली बम फेंका था और पब्लिक सेफ्टी बिल ब्रिटिश सरकार द्वारा श्रम अधिकारों पर अंकुश लगाने हेतु लाया गया था।

शिकागो की घटना के बाद से 1 मई दुनिया भर में मजदूर दिवस के तौर पर मनाया जाने लगा। भारत में सबसे पहले मई दिवस 1923 में मद्रास में आयोजित किया गया जिसे अगले साल यानी 2023 में पूरी एक शताब्दी होने जा रही है। जाने-माने ट्रेड यूनियन नेता और स्वतंत्रता सेनानी सिंगारावेलु चेट्टियार की पहल कदमी में पहला मई दिवस मनाया गया था। यह लंबा सफरनामा अपने आप में ऐसे अद्भुत इतिहास का निर्माण करता आया है जिसमें न केवल श्रमिक वर्ग बल्कि मानव मुक्ति की प्राकृतिक जिज्ञासा ने नए-नए मार्ग सृजित किए हैं। मई दिवस का आयोजन कोई रस्म अदायगी नहीं है बल्कि नव उदारीकरण के मौजूदा दौर में लगातार इसकी प्रासंगिकता और भी ज्यादा बढ़ी है। आज देशों के बीच और देश के भीतर मुट्ठी भर घरानों और आम जनता के बीच गैर बराबरी आश्चर्यजनक रूप ले चुकी है। ऑक्सफैम इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार भारत के 10 सबसे धनवानों के पास देश की कुल संपदा का 57 फ़ीसदी हिस्सा है जबकि नीचे से आधी आबादी के पास देश की संपदा का सिर्फ 13 फ़ीसदी हिस्सा ही है। महामारी के दौरान किए गए लॉकडाउन के दौरान जब देश के लाखों प्रवासी परिवार दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हुए तब भी कारपोरेट घरानों के मुनाफे सैकड़ों गुना की दर से बढ़ रहे थे।बढ़ती गरीबी, बेरोजगारी, भूख और कमरतोड़ महंगाई ने गरीब तबकों के लिए तो अस्तित्व का ही संकट खड़ा कर दिया है। विज्ञान और तकनीक का विकास असल में जनता के जीवन को सुविधाजनक बनाने के लिए प्रयोग होना चाहिए था लेकिन उसने जनता को ही बेरोजगार कर डाला। महिला श्रमिकों को सबसे पहले बाहर का रास्ता दिखाया जाता है। बेरोजगारों की यही रिजर्व फोर्स कारपोरेट के लिए वरदान भी साबित हो रही है। पूंजी के लिए अधिकतम मुनाफा ही सर्वोपरि होता है और वह जनहित से ऊपर होता है। इसके विपरीत यदि समाज को समग्र विकास की दिशा में आगे ले जाना है तो जनहित को मुनाफे से ऊपर रखना होगा। ऐसा नहीं हुआ तो व्यवस्था का मौजूदा चौतरफा संकट और भी अधिक गहरा होना निश्चित है।हमारे देश के शासक वर्गों की नीतियां पूरी तरह से कारपोरेट को समर्पित हैं। जिस प्रकार तीन कृषि कानून थोपे गए थे उसी प्रकार 44 श्रम कानूनों को निरस्त करके चार लेबर कोड बनाए गए हैं। इनके लागू हो जाने के बाद कंपनियों के मालिक अपनी मनमर्जी से श्रमिकों को नौकरी से निकालने को स्वतंत्र होंगे। यही नहीं बल्कि 8 घंटे काम की जो मांग सदियों पहले मानी जा चुकी थी उसे भी नकार कर 10 घंटे और 12 घंटे काम लिया जाने लगा है।मजदूर और किसानों के बीच इस हालात में जो व्यापक स्तर पर आक्रोश पनप रहा है उससे ध्यान भटकाने के उद्देश्य से उन्हें आपस में लड़ाकर उनकी एकता तोड़ने की कोशिशें किसी से छिपी नहीं हैं। यह जरूरी हो गया है कि मेहनतकश जनता अपनी रोजी- रोटी और ट्रेड यूनियन जनतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करते हुए देश के संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकार, सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता के मूल्यों की सुरक्षा को भी साथ जोड़ कर चलें। वह परस्पर सद्भाव को बचाए रखकर ही अपनी आजीविका की रक्षा कर पाएंगे।

**-इंद्रजीत सिंह**

## आपका राशिफल 1 मई

**मेष** — चू चे चो ला ली लू ले लो आ

जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। शुभांक-3-5-7

**वृष** — इ उ ए ओ वा वी वू वे वो

कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे। शुभांक-5-6-9

**मिथुन** — का की कू घ ङ छ के को हा

अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। किसी नजदीकी शुभचिंतक सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-2-5-7

**कर्क** — ही हू हे हो डा डी डू डे डो

संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। पुराने मित्र से मिलन होगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। शुभांक-5-6-7

**सिंह** — मा मी मू मे मो टा टी टू टे

स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-4-6-7

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो

कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। आलस्य का त्याग करें। शुभांक-6-8-9

**तुला** — रा री रु रे रो ता ती तू ते

प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-6-7-8

**वृश्चिक** — तो ना नी नू ने नो य यी यू

स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की दौड़-भाग से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-5-6-8

**धनु** — ये यो भा भी भू धा फा ढा भे

नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-5-6-7

**मकर** — भो जा जी खी खू खे खो गा गी

एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-5-8-9

**कुंभ** — गू गे गो सा सी सू से सो दा

सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। शुभांक-3-7-9

**मीन** — दी दू थ झ ञ दे दो चा ची

धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। "आगे-आगे गौरख जागे" वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-1-6-9

## फिल्म वर्ग पहेली- 5795



**बायें से दायें:-**

१. 'दिल ने ये कहा हैदिल से' गीत वाली अक्षयकुमार, शिल्पा की फिल्म-४
४. देवआनंद, जैकी, गोविंदा, रेखा की 'इस तरह देखो ना' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ना कजरे की धार' गीत वाली अक्षयकुमार, रवीना की फिल्म-३
१०. अनिल, माधुरी दीक्षित की 'आँखों के आगे पीछे' गीत वाली फिल्म-५
१३. 'आदमी मुसाफिर है' गीत वाली संजीव कुमार, सुलक्षणा की फिल्म-५
१४. अतिन भाद्य, संदली की 'साँवली सी इक लड़की' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'हुन हुना रे हुन हुना' गीत वाली विकास भाद्य, काजोल की फिल्म-३
१९. गोविंदा, मनीषा की 'उड़ाने तो सही सोचो तो जरा' गीत वाली फिल्म-४
२०. एम. एफ. हुसैन की फिल्म 'मीनाक्षी' की नायिका कौन है-२
२१. 'बाबुल का ये घर बहना' गीत वाली मिथुन, रंजीता, पद्मिनी की फिल्म-२
२२. ऋषिकपूर, पद्मिनी की 'मेरी किस्मत में तू नहीं' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'मेरी शादी का ख्याल' गीत वाली राजेश खन्ना, टीना की फिल्म-३
२६. विवेक, दीया मिर्जा की 'बाबूजी जरा धीरे' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'जब चाहा जजबात से खेले' गीत वाली चंदनदास का गजल एलबम-२
२८. मिथुन, रंभा की 'पीली इश्क दी विस्की' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'सच कहते हैं हं' गीत वाली अक्षयकुमार, करिश्मा की फिल्म-४
३०. फिल्म 'राजा जानी' में धर्मेंद्र के साथ नायिका कौन थी-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. नवीन निश्चल, प्राण, रेखा की फिल्म-२
२. 'मोहब्बत हुई हुई' गीत वाली फिल्म-२
३. विश्वजीत, वहीदा रहमान की फिल्म-३
५. 'ऐ जिंदगी गले लगा' गीत वाली फिल्म-३
७. दोनों मारिया, विपाशा बसु की फिल्म-२
८. विवेक ओबेराय, अंतरा की 'खुशस बचके तू रहना रे' गीत वाली फिल्म-३
९. 'करवटें बदलते' गीत वाली संजीव, राजेश खन्ना, मुमताज की फिल्म-२,१,३
११. 'लंबूजी लंबूजी' गीत वाली फिल्म-२
१२. अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म-२
१५. फिल्म 'सब से बड़ा खिलाड़ी' में अक्षयकुमार के साथ नायिका कौन थी-३
१६. शत्रुघ्न, हेमा, मिथुन की 'बचके मेरी जान बचके' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'मैं तो हर मोड़ पर' गीत वाली अनिल धवन, रेहाना सुल्तान की फिल्म-३
२१. राजेश, शर्मिला, राखी की 'मेरे दिल में आज' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'ओ मेरी चूड़ियाँ बजी' गीत वाली संजयकपूर, तब्बू की फिल्म-२
२३. फिल्म 'बरसात की रात' के संगीतकार कौन थे-३
२४. विनोद खन्ना, योगिता बाली की फिल्म-२
२५. फिल्म 'बागी' में सलमान खान के साथ नायिका कौन थी-३
२६. उमादेवी का गाया गीत 'अफसाना लिख रही हूँ' किस फिल्म का है-२
२७. नसीरुद्दीनशाह, अतुल अग्निहोत्री पूजा भट्ट की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 5794



Jagrutidaur.com, Bangalore

## कैंसर के रोगियों के लिए वरदान हैं ये Superfoods

सुपरफूड एक ऐसा खाद्य पदार्थ है जो ज्यादातर पौधों में पाया जाता है। इसमें मछली और डेयरी प्रोडक्ट्स भी शामिल हैं जिनमें बहुत ही अधिक मात्रा में पोषण पाया जाता है। सूपरफूड्स में खनिज और विटामिन्स भी मौजूद होते हैं। व्यक्ति के शरीर में कैंसर की कोशिकाएं मरती नहीं है बल्कि बढ़ती जाती है और आपके कार्यप्रणाली को भी धीमा कर सकती है। स्वस्थ शरीर के लिए आप पौष्टिक आहार को डाइट में शामिल कर सकते हैं तो चलिए जानते हैं उनके बारे में...

**किन पदार्थों का करें सेवन** कैंसर के दौरान होने वाली कीमोथेरिपी, चिकित्सा, सर्जरी, इम्यून थैरिपी के कारण आपका वजन कम हो जाते है। स्वस्थ शरीर और वजन बढ़ाने के लिए आपको कैलोरी वाले फूड का सेवन करना चाहिए तो चलिए आपको बताते हैं कि किस तरह की फूड का आप सेवन कर सकते हैं।

. आप तीनों समय खाने वाले भोजन को छोटे-छोटे मील में बांट लें और पूरे दिन उसका सेवन करें।
. कुछ घंटे के बाद भूख लगने पर आप छोटे मील का सेवन करें।
. आप सलाद या फिर हेल्दी ड्राई फ्रूट्स भी खा सकते हैं।
. भोजन के दौरान आप तरल पदार्थ का सेवन करें। इससे आपका पेट भरा हुआ महसूस करेगा।
. भूख को सुधारने के लिए आप भोजन करने से पहले व्यायाम और सैर भी कर सकते हैं।

कैंसर रोगी इन फूड्स को डाइट में शामिल कर सकते हैं

रसभेरी, जामुन और टमाटर

आप ऐसे फलों का सेवन करें जो ताजा और पानी से भरपूर हों। जामुन, खरबूजा, केला, अनानास, नाशपती जैसे फलों को शामिल कर सकते हैं। ब्लूबेरी में फाइटोकेमिकल्स नाम का तत्व पाया जाता है जो कैंसर, एंटीऑक्सीडेंट्स की गतिविधि और डीएनए में होने वाले नुकसान से बचाने में आपकी मदद करते हैं। रसभरी और स्ट्रॉबेरी में विटामिन सी, फ्लेवोनोइड पाया जाता है जो एंटीऑक्सीडेंट्स गुणों से भरपूर होते हैं। टमाटर में लाइकोपीन नामका एक फाइटोकेमिकल पाया जाता है जो बहुत ही शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट है यह कैंसर के जोखिम को कम करने में मदद करता है। इसमें ग्लूटाथीयोन नाम का तत्व होता है जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में मदद करता है।

**हरी सब्जियां** आप डाइट में हरी सब्जियां शामिल कर सकते हैं। कैंसर से लड़ रहे व्यक्ति के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है। यह फाइबर और फोलेट से समृद्ध होतो हैं। ये आपके डीएनए को सुधारने में मदद करता है। गोभी में कैरोटेनॉइड होता है जो एक एंटीऑक्सीडेंट रुप में काम करता है। यह डीएनए को नुकसान पहुंचाने वाले कणों से लड़ने में मदद करता है। पालक ल्यूटिन और कैरोटिनॉइड पाया जाता है। ये शरीर में पैदा होने वाले कैंसर के कणों को बनन से रोकते हैं । आप डाइट में हरी सब्जियां शामिल कर सकते हैं। इनमें एंटीऑक्सीडेंट बीटा कैरोटीन पाया जाता है जो शरीर मे कैंसर की कोशिकाओं को बनने से रोकता है।

**अखरोट** अखरोट में फाइबर, विटामिन-बी, मैग्नीशियम और एंटीऑक्सीडेंट्स बहुत ही अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। यह प्रोटीन का भी बहुत ही अच्छा स्त्रोत माना जाता है। इसमें पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंटस पाया जाता है जो ब्रेस्ट कैंसर और ट्यूमर को रोकने में मदद करता है।

**करेला** शोध के मुताबिक, करेला आपके शरीर में कैंसर को सैल्स को बढ़ने से रोकता है। आप नियमित रुप से इसे अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

**सोया** सोया में सोफलेवोंस नाम का एक फाइटोन्यूट्रिएंट्स पाया जाता है जो कैंसर से लड़ने में मदद करता है। आप सोया दूध और सोया से भरपूर खाद्य पदार्थों को डाइट में शामिल कर सकते हैं।

**हल्दी** कैंसर को रोगियों के लिए हल्दी भी बहुत ही फायदेमंद मानी जाती है। इसमें पौटेशियम, मैग्नीशियम, आयरन और ओमेगा-3 भरपूर मात्रा में पाया जाता है। कैंसर के इलाज में हल्दी एक बहुत ही कारगार उपाय है। इसका नियमित तरीके से सेवन करके कैंसर जैसे खतरनाक रोग से छुटकारा पा सकते हैं।

**गाजर** गाजर में बीटा कैरोटीन और विटामिन भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इसमें फाल्सीनॉराल नामक का पोषक तत्व पाया जाता है जो कैंसर जैसे खतरनाक रोग के लिए बहुत ही फायदेमंद माना जाता है।

**साबुत अनाज** इसमें फाइबर की भरपूर मात्रा पाई जाती है जो पाचन तंत्र को सही रखने में मदद करती है। इसके अलावा इसमें कार्बोहाइड्रेट, फैट्स और विटामिन्स भी पाया जाते हैं। साबुत अनाज में सैपोनिन नाम को पोषक तत्व पाया जाता है जो कैंसर कोशिकाओं को बढ़ने से रोकता है।

## सूडोकू नवताल- 6311

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू नवताल -6310 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |



## विचार प्रवाह

किसी ने मुझसे पूछा -आप इतने खुश कैसे रह लेते हो? मैंने कहा, मैंने जिन्दगी की गाड़ी के वो सभी गिलास हटा दिए हैं जिससे पीछे छूटते रास्ते नजर आते हैं। मैं तुमसे भी कहूँगा भूत भूत है, इससे दूर रहो। जो बीत गया सो बीत गया, उसकी फिक्र व्यर्थ है। अतीत के खट्टे अनुभवों को याद करके अपने वर्तमान को मत बिगाड़िए। सुखी जीवन का एक राज और है - खुद को शेर समझो और पत्नी को शेरावाली।

**-मुनिश्री तरुण सागर**

## शब्द पहेली - 7352



**बाएँ से दाएँ**

1. पैगंबर, खुदाई रहनुमा-4
4. कारगुजारी, करिश्मा-4
7. दौड़ना (अंग्रेजी -2)
8. पासे फैंक कर भविष्य जानने की विद्या-3
9. गहराई-2
10. राय, वोट-2
12. आलीशान, उदार-3
14. नकारना, इंकार करना-2,3
15. चोरी करना-2,3
17. राशन, खाद्य सामग्री-3
19. गन्ना-2
21. हर रोज, प्रतिदिन-2
23. वाद्य बजाने वाला-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
25. जहां ताजिए दफन करते हैं-4
26. महीन व मूल्यवान कपड़ा-4

**ऊपर से नीचे**

1. हमेशा, हर पल, सदैव-4
2. जनता, लोक-2
3. द्रव पदार्थ-3
4. नागपुर के पास का एक कस्बा जहां जापान के सहयोग से भव्य बौद्ध मंदिर बना है-4
5. और, एवं-2
6. मन भटकाना-4
11. झगड़ा, कहासुनी-4
13. कोमलता-4
14. राजी करना-3
15. सहखिलाड़ी-4
16. चौकीदार, प्रहरी-4
18. कीचड़ -4
20. नगद राशि-3
22. पानी से सराबोर-2
24. थोड़ा, जरा-2

शब्द पहेली - 7351 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

# मध्यप्रदेश में धार्मिक स्थलों में लगे लाउड स्पीकर पर रोक के लिए अब तक कोई पहल नही



**भोपाल।** मंदिर, मस्जिद या अन्य धार्मिक स्थलों पर लगे लाउड स्पीकर को नियंत्रित करने की हर तरफ से मांग उठ रह है। जनप्रतिनिधि से लेकर अधिवक्ता तक सरकार से मांग कर रहे हैं कि लाउड स्पीकर के उपयोग को लेकर स्पष्ट नीति बनाई जानी चाहिए पर इसको लेकर अभी सरकार के स्तर पर कोई पहल नहीं हुई है। यदि लाउड स्पीकर को लेकर नई व्यवस्था लागू करना है तो मध्य प्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम-1985 में संशोधन करना होगा, जिसकी अभी प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हुई है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर उत्तर प्रदेश में धार्मिक स्थलों से लाउड स्पीकर को हटाने या उनकी आवाज को नियंत्रित करने का अभियान चल रहा है। इस संबंध में मध्य प्रदेश में भी काफी समय से मांग उठ रही है। पिछले दिनों पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने सरकार से लाउड स्पीकर को लेकर नीति बनाने की मांग की तो बजरंग दल के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और महाराष्ट्र भाजपा के सह प्रभारी जयभान सिंह पवैया ने उत्तर प्रदेश की तर्ज पर मध्य प्रदेश में भी मंदिर-मस्जिद में लाउड स्पीकर के उपयोग पर पाबंदी लगाने की मांग की। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के अनुज चाचौड़ा से विधायक लक्ष्मण सिंह ने कहा कि लाउड स्पीकर पर प्रतिबंध लगाना अच्छा निर्णय होगा। इसके बाद भी सरकार के स्तर पर अभी पहल नहीं हुई है। गृह विभाग को अब तक मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से इस संबंध में कोई दिशानिर्देश प्राप्त नहीं हुए हैं। गृह विभाग के सूत्रों का कहना है कि जब तक इस संबंध में उच्च स्तर से कोई स्पष्ट निर्देश प्राप्त नहीं होते हैं, तब तक मौजूदा व्यवस्था ही बरकरार रहेगी। मध्य प्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 लागू है। इसमें तीव्र संगीत किसी भी स्थान पर नहीं चलाया जाएगा। अस्पताल, नर्सिंग होम, दूरभाष केंद्र, न्यायालय, शिक्षण संस्था, छात्रावास, सरकारी कार्यालय, स्थानीय प्राधिकरण कार्यालय और बैंक से दो सौ मीटर की दूरी के भीतर ध्वनि विस्तारक के उपयोग को लेकर स्पष्ट प्रविधान हैं। धारा 13 में राष्ट्रीय और सामाजिक समारोह तथा धार्मिक उत्सवों को अधिनियम के प्रविधानों से मुक्त रखा गया है। इसी तरह धार्मिक स्थानों तथा परिसरों पर ध्वनि विस्तारक के उपयोग को, जहां कि ऐसा उपयोग परंपरा के रूप में किया जा रहा है, उसे भी छूट की श्रेणी में रखा गया है। इधर सोमवार को गृहमंत्री डा नरोत्तम मिश्रा ने धार्मिक स्थलों में लाउड स्पीकर पर रोक लगाने के सवाल पर कहा था कि दूसरे की स्वतंत्रता में बाधा उत्पन्न् न हो, इसका ध्यान रखा जाना चाहिए।

# भीषण गर्मी में परेशान लोग

## बैरागढ़ में पानी टंकी का सप्लाई वाल्व खराब



**भोपाल।** भीषण गर्मी में जब पानी की खपत बढ़ गई है ऐसे समय में संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) में नागरिकों को समय पर पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। ऐसा नहीं है कि पानी की कमी है, बड़ा तालाब लबालब है, लेकिन उपकरणों में खराबी और समय पर सुधार कार्य नहीं होने से आए दिन पानी की सप्लाई देरी से हो रही है। शुक्रवार शाम को वन ट्री हिल्स स्थित ओवरहेड टैंक का सप्लाई वाल्व खराब हो गया। इस कारण समय पर पानी की सप्लाई नहीं हो सकी। नगर निगम के जल कर विभाग ने घोषणा की कि शाम 5:00 बजे के बजाय रात्रि 8:00 बजे पानी की सप्लाई होगी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। कुछ ही इलाकों में पानी सप्लाई हुआ, क्योंकि वाल्व की खराबी ठीक नहीं हो पाई। खराबी ठीक करने में नगर निगम के जल कार्य विभाग को काफी समय लग गया। पानी की सप्लाई शनिवार को सुबह 5:00 बजे से शुरू हुई। लोग दिन भर परेशान हुए, फिर उन्हें सुबह जल्दी उठकर पानी भरना पड़ा। जल कार्य विभाग के सहायक यंत्री सचिन साहू के अनुसार सप्लाई वाल्व में खराबी के बाद सुधार कार्य शुरू किया गया था। सप्लाई बड़ी लाइन में खराबी थी, इसे सुधारने के बाद ओवरहेड टैंक को भरना शुरू किया गया। अब सप्लाई सामान्य हो गई है।

### दो माह से गड़बड़ा गई है पेयजल व्यवस्था

संत हिरदाराम नगर क्षेत्र की पेयजल व्यवस्था पिछले दो माह से गड़बड़ाई हुई है। हाल ही में गांधीनगर जाने वाली पाइप लाइन में फाल्ट आ गया था। इसे सुधारने में भी नगर निगम को तीन दिन लग गए, जिससे गांधी नगर के नागरिकों को परेशान होना पड़ा। बोरवन से गुजरती पाइप लाइन में भी कई बार खराबी आ चुकी है हालांकि इसे सुधारने का कार्य शुरू हो जाता है, पर सुधार होते-होते काफी समय लग जाता है। पुरानी और जर्जर पाइप लाइन होने के कारण कब खराबी आ जाए, कोई भरोसा नहीं है। इस कारण लोगो को परेशान होना पड़ रहा है। अधिकारियों का कहना है कि पुरानी लाइनें बदलने का प्रस्ताव मुख्यालय को भेजा गया है। स्वीकृति मिलने के बाद जर्जर लाइनों को बदला जाएगा। इससे नागरिकों को राहत मिल जाएगी, लेकिन स्वीकृति कब मिलेगी और काम कब शुरू होगा, यह तय नहीं है।

# राजधानी में पुराने वाहनों को नहीं देना होगा पार्किंग शुल्क

### नए की खरीदी पर लगेगा एकमुश्त टैक्स



**भोपाल।** नगर निगम अब लोगों से वाहन विक्रेता एजेसियों के माध्यम से पार्किंग शुल्क की वसूली करेगा। यानी पार्किंग स्थलों पर अब शुल्क वसूली नहीं होगी। सिर्फ मल्टीलेवल पार्किंग व प्रीमियम पार्किंग के लिए ही शुल्क लगेगा। नगर निगम आयुक्त केवीएस चौधरी कोलसानी की ओर से एकमुश्त पार्किंग शुल्क की दरें भी जारी की गई है। एक लाख रुपए तक का दो पहिया वाहन खरीदने वाले को अब पार्किंग शुल्क के तौर पर अब 500 रुपए अतिरिक्त देना होंगे, जबकि छह लाख रुपए तक का चार पहिया वाहन खरीदी करने वाले को 1500 रुपए का पार्किंग शुल्क देना होगा। आदेश में ये भी स्पष्ट किया है कि मल्टीलेवल पार्किंग, प्रीमियम पार्किंग में पार्किंग शुल्क की वसूली जारी रहेगी।

### निगम को सालाना चार करोड़ मिलेगा

शहर के पार्किंग स्थलों पर बदइंतजामी और मनमानी वसूली से नगर निगम की छवि खराब होती है। नई व्यवस्था शुरू होने पर यह समस्या नहीं रह जाएगी। वहीं पार्किंग ठेके पर देने से निगम को हर साल एक करोड़ रुपए भी नहीं मिल पाता है। ठेकेदार राशि नहीं चुकाते हैं। निगम के अधिकारियों के मुताबिक शहर में 40 हजार नए वाहन खरीदे जाते हैं।

### स्मार्ट पार्किंग, दिल्ली माडल हो चुका फेल

शहर के 54 पार्किंग स्थलों को स्मार्ट बनाने प्रक्रिया जुलाई, 2017 में शुरू की गई थी। माइंडटेक कंपनी को स्मार्ट पार्किंग बनाने के लिए एक साल का समय दिया गया था। कंपनी आधे पार्किंग स्थल भी नहीं सुधार पाई। स्मार्ट पार्किंग पर वाहनों की कम संख्या दिखाकर राजस्व चोरी करने का खुलासा भी हुआ। ऐसे में वर्ष 2020 में माइंडटेक के साथ करार खत्म कर दिया। फिर दिल्ली की तर्ज पर शहर में पांच-पांच पार्किंग के क्लस्टर बनाए गए, ताकि किसी एक कंपनी का एकाधिकार नहीं रहे।

# भोपाल के बुजुर्ग धावक अशोक बाथम ने कटरा मैराथन में पाया पहला स्थान



**भोपाल।** युवा धावकों के प्रेरणास्त्रोत 62 वर्षीय बुजुर्ग धावक अशोक बाथम ने दो साल के लम्?बे अंतराल के बाद कटरा हाफ मैराथन में भाग लिया और 55 से 65 आयु वर्ग में पहला स्थान प्राप्त कर भोपाल और प्रदेश के लिए गौरव हासिल किया। अशोक बाथम ने 21 किमी की मैराथन को दो घंटे चार मिनट में पूरा किया।कोरोना के कारण देश भर में खेल गतिविधियां बंद हो गई थे। इसका प्रभाव मैराथन पर भी पड़ा था, इसलिए लगभग सभी मैराथन भी नहीं हो सकी थी। अशोक बाथम ने कहा कि मेरा लक्ष्य अब लद्दाख में सितंबर में आयोजित हो रही मैराथन पर है। यह 42 किमी की दौड़ है, यह बहुत ही चुनौतीपूर्ण मैराथन रहेगी। अशोक बाथम अभी तक देश के कोने कोने में आयोजित हो चुकी 100 से अधिक मैराथन में भाग ले चुके है, कई मैराथन में उन्होंने भले ही पहला स्थान प्राप्त नहीं किया लेकिन तय दौड़ पूरी करने का कीर्तिमान बनाया है। अशोक बाथम ने कटरा मैराथन को अन्य मैराथन की तुलना में अधिक मुश्किल बताया है, उन्होंने कहा कि मैराथन के रुट में पहाडी इलाके भी शामिल थे। इसलिए लिए आयोजन समिति ने सभी धावकों को 21 किमी की दौड़ पूरी करने का समय चार घंटे दिया था। इसलिए इस बार राह कठिन है, मैंने भोपाल के वन विहार और अन्य पहाड़ियों पर दौड़ना प्रारंभ कर दिया था। इसकी का फायदा मुझे कटरा में मिला है, दौड़ पूरी करने और पदक जीतने की बहुत खुशी है। प्रदेश सरकार से कभी भी प्रोत्साहन नहीं मिला पिछले दो दशक से प्रदेश का नाम रोशन कर रहे माध्यमिक शिक्षा मंडल के सेवानिवृत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अशोक बाथम ने बिना किसी की सहायता से अपना सफर जारी रखा है। अभी तक राज्य सरकार या खेल विभाग से कोई सहायता, मदद या कोई पुरस्कार नहीं मिला है। इस बार लाइफ टाइम अचीवमेंट के लिए आवेदन करूंग

# कार्रवाई से बचने के लिए किसान बोले- शार्ट सर्किट से लगी थी आग

### इकोलाजिकल पार्क में आग लगने का मामला

### किसानों पर एफआइआर दर्ज करने से बच रही पुलिस।

### दो थानों के बीच उलझा मामला!



**भोपाल।** शहर के भीतर जिन खेतों में आग लगी थी, वे खेत मालिक किसान सामने आ गए हैं। इन्होंने पुलिस को एक आवेदन देकर कहा है कि खेत की नरवाई में आग उन्होंने नहीं लगाई थी, बल्कि शार्ट सर्किट की वजह से लगी थी। इन खेतों से सटे ईकोलाजिकल पार्क में लगी आग को लेकर भोपाल सामान्य वन मंडल और जिला प्रशासन सख्त है। वन विभाग ने बागसेवनिया पुलिस के बाद कटारा हिल्स पुलिस को भी आवेदन दे दिया है, जिसमें खेतों में आग लगाने वाले किसानों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इसके बाद किसान सामने आए हैं। वन विभाग ने जांच में पाया है कि खेतों की नरवाई जलाने के लिए लगाई आग के कारण ही इकोलाजिकल पार्क में आग लगी है। बता दें कि आग लगने की घटना बीते सोमवार को हुई थी। जांच में 35 हेक्टेयर वन क्षेत्र के प्रभावित होने की पुष्टि हुई थी। हर्रा, बेहड़ा, जामुन, बगरद, नीम जैसी प्रजाति के सैंकड़ों पेड़ झुलस गए थे। पानी डालने के लिए रखे पाइप भी जले थे। क्षेत्र के बरखेड़ा पठानी, एम्स, पिपलिया पेंदे खां, लहारपुर, अवधपुरी के बीच खेतों में बीते सोमवार के पहले एक हफ्ते तक आग लगाई जाती रही थी, जिसकी वजह से क्षेत्र में धुएं का स्तर बढ़ गया था। पर्टिकुलेट मैटर पीएम 10 व 2.5 का स्तर तीन गुना तक बढ़ गया था। आसपास की कालोनियों में रहने वाले लोगों को परेशान होना पड़ा था। खेतों में लगे 75 पेड़ों को 50 प्रतिशत नुकसान पहुंचा था। वन विभाग के अधिकारी किसानों पर कार्रवाई के लिए आवेदन लेकर आए थे, जिसमें कुछ कमियां थी, उसे पूरा करने के लिए कहा गया। जैसे ही आवेदन मिलेगा, उस पर गंभीरता से जांच करके कार्रवाई करेंगे। क्षेत्र में आग नहीं लगने देंगे। इससे अकेले वनों को ही नहीं, प्राकृतिक तंत्र को भी नुकसान होता है।

**- सुरेश मीणा, थाना प्रभारी कटारा हिल्स**

आवेदन के आधार पर सभी तथ्यों को देख रहे हैं, जांच में जो भी सामने आएगा, उस आधार पर कार्रवाई करेंगे। शहर के अंदर इस तरह आग नहीं लगाने दी जाएगी। यह गलत है।

**- संजीव चौकसे, थाना प्रभारी बागसेवनिया**

वन विभाग अपनी ओर से कार्रवाई के लिए पूरा प्रयास कर रहा है, ताकि दोबारा इस तरह आग न लगाई जाए। बागसेवनिया थाने के बाद कटारा हिल्स थाने के संज्ञान में भी घटना लाई है। किसानों ने बचाव में पुलिस को बताया है कि आग शार्ट सर्किट से लगी थी। जब ऐसा था तो किसानों की ओर से बुझाने के लिए कोई प्रयास क्यों नहीं किए गए थे। हर वर्ष आग लगाई जाती रही है, जिसकी वजह से शासकीय संपत्ति को नुकसान हो रहा है। जनहानि भी हो सकती है। **- आलोक पाठक, डीएफओ, भोपाल सामान्य वन मंडल**




# बीमा पालिसी के नाम पर सौ लोगों से 20 लाख की ठगी करने वाला गिरफ्तार

**भोपाल।** बीमा पालिसी के नाम पर भोपाल के व्यापारी से 95 हजार रुपये की ठगी करने वाले एक आरोपित को साइबर क्राइम ब्रांच ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। शुरुआती पूछताछ में पता चला है कि आरोपित बीमा पालिसी के सस्ते एवं लुभावने आफर देकर मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली के सौ लोगों से करीब बीस लाख रुपये की ठगी कर चुका है। भोपाल साइबर क्राइम में इसकी शिकायत सिंधी कालोनी बैरसिया रोड निवासी विजय वाधवानी ने की थी। विजय ने शिकायत में बताया कि अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें फोन कर बताया कि वह बीमा कंपनी से बोल रहा है। उसने विजय वाधवानी से कहा कि उनकी बीमा की किस्त बकाया काफी माह से पड़ी है। वह उसे अभी भरना चाहते हैं तो सस्ता आफर है और कोई अतिरिक्त चार्ज भी उनसे नहीं लिया जाएगा। साथ ही और अन्य सुविधाएं भी दी जाएगी।इस प्रकार का झांसा देकर साइबर आरोपित अपने खाते में 95 हजार रुपये उनसे आनलाइन जमा करा लिए थे।

# कर चोरी के मामलों में व्यवसाइयों पर सख्ती




**भोपाल।** जीएसटी में कर चोरी करने वाले व्यवसाइयों के विरूद्ध प्रदेश में सख्त कार्रवाई की जा रही है। वाणिज्यिक कर विभाग ने अप्रैल माह में कर चोरी करने वाले व्यावसाइयों के विरूद्ध कार्रवाई में करोड़ों रुपये जमा कराए हैं। इनमें कई शहरों के व्यवसाई शामिल हैं। जीएसटी में परिवहन के लिये उपयोग में लाये गये वाहनों पर भी कार्रवाई की गई है और वाहन जाँच से कर चोरी का नेटवर्क भी ध्वस्त किया गया है। मेसर्स स्टर्लिंग एग्रो इंडस्ट्रीज मालनपुर ग्वालियर के विरुद्ध डाटा एनालिटिक्स टीम एवं एंटी इवेजन ब्यूरो ने जांच में कई खामियां पाई। जांच के दौरान 1 करोड़ 46 लाख रूपये नगद जमा करवाए गए एवं कोयला क्रय 19 लाख रूपये का आईटीसी रिवर्सल करते हुए 1 करोड़ 65 लाख रूपये स्वेच्छिक रूप से जमा कराए गए हैं। एक अन्य जांच में पाया कि मेसर्स क्रेटिव कारपोरेशन एंड डिस्ट्रीब्यूटर प्राइवेट लिमिटेड एवं मेसर्स आदित्य ट्रेडिंग कंपनी इंदौर फर्म्स फर्म्स के डायरेक्टर विनीत गर्ग एक ही व्यक्ति हैं। उनके द्वारा एक ही व्यवसाय स्थल से दोनों फर्म्स का संचालन किया जा रहा है। दोनों ही फर्म्स के आपसी ट्रांजेक्शन पंजीयन निरस्त होने के बावजूद यह किया जा रहा था। मेसर्स मुरली ट्रेडर्स कटनी के क्रेडिट लेजर में मात्र उपकर की राशि लगभग 69 लाख रूपये दिख हो रही थी, जबकि कर राशि नगण्य थी। मेसर्स श्री श्याम आयरन एंड स्टील जबलपुर की जांच में पाया गया कि समान पैन पर छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित अपनी ही फर्म को 1 करोड़ 58 लाख रूपये का लोहा एवं इस्पात की सप्लाई प्रदर्शित की गई, जो संदिग्ध एवं अव्यवहारिक थी। छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित अपनी फर्म को ही बिना माल की सप्लाई के केवल टैक्स इनवाइस जारी कर बोगस आईटीसी का खेल खेला गया।

# भोपाल की ऋषिका ने कामर्स में आठवां स्थान प्राप्त किया



**भोपाल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) द्वारा 12वीं बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम घोषित कर दिया गया है। भोपाल के ऋषिका जैन ने कामर्स में प्रदेश की सूची में 473 अंकों के साथ ऋषिका जैन, आठवां स्थान प्राप्त किया है। वहीं गणित में आनंद हिरेमथ ने 484 अंकों के साथ आठवां स्थान प्राप्त किया। कामर्स में आठवां स्थान पाने वाली ऋषिका जैन को बड़ी बहनों से मिली प्रेरणा, वो भी थीं टापर, ऋषिका कहती हैं, मैं छोटे-छोटे लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करती थी कि आज ये पढ़ना है, तो कल वो पढ़ना है। हम तीन बहनें हैं। सबसे बड़ी बहन आशिता का मैथ था और दूसरे नंबर की बहन अंचल का कामर्स था। मेरा कामर्स-मैथ्स दोनों था। ऐसे में दोनों बहनों ने मुझे पढ़ाया। अंचल दीदी भी मेरे ही स्कूल (सुभाष उत्कृष्ट उमावि, शिवाजी नगर) से पढ़ी हैं। 2020 में वो प्रदेश में तीसरे नंबर पर आई थीं। मेरी दीदी के नोट्स मेरे पास थे, उससे भी मुझे मदद मिली। दोनों ही बहनों से मुझे बहुत प्रेरणा मिली। इसके साथ ही शिक्षकों ने भी बहुत मेहनत की। हमेशा प्यार से समझाया। वे बताती हैं कि मुझे अब सीए करना है। उसके बाद आरबीआइ गवर्नर की परीक्षा देनी है।ऋषिका बताती हैं कि रिजल्ट आया तो सबसे पहले मैंने पापा प्रमोद कुमार को फोन कर के खबर दी। वो तो फोन पर ही बहुत भावक हो गए। मम्मी अंजलि ने मीडिया से बातचीत में कहा कि मेरी तीन बेटियां हैं और तीनों ने ही पढ़ाई में इतना बेहतरीन प्रदर्शन कर हमारा सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है।

### गणित में आठवां स्थान पाने वाले आनंद हिरेमथ को विश्वास था कि टाप लिस्ट में नाम आएगा

सुभाष उत्कृष्ट उमावि, शिवाजी नगर में पढ़ने वाले आनंद हिरेमथ बताते हैं, मुझे पूरा यकीन था कि मैं टापर लिस्ट में जरूर आऊंगा, क्योंकि मैंने बहुत मेहनत की थी। मैथ में प्रैक्टिस का बहुत महत्व है। मैं लगातार सवाल हल किया करता था। जब भी कोई समस्या होती थी, तो शिक्षकों से पूछा करता था।हम दोस्त एक-दूसरे को चुनौती देते थे। कठिन से कठिन सवाल देकर कहते थे कि ये हल कर के दिखाओ या कहते थे कि देखें, पहले कौन सवाल हल करता है। इस स्वस्थ प्रतियोगिता का मुझे बहुत फायदा हुआ। अब मैं जेईई मेंस की परीक्षा दूंगा और उसके बाद यूपीएससी की तैयारी करूंगा। आनंद बताते हैं कि कई बार बच्चे सवाल में अटकते हैं तो उस सवाल को ही छोड़ देते हैं या शिक्षक से पूछने में झिझकते हैं, ये सोचकर कि वो क्या सोचेंगे।मुझे ये आसान सी चीज भी नहीं आती। बच्चों को ये झिझक खत्म करनी चाहिए। बिना डरे व शर्म के कक्षा में सभी के सामने सवाल पूछना चाहिए।

# बाल विवाह रोकने लाडो अभियान शुरू पत्रिकाओं में लिखनी होगी वर-वधू की उम्र



**भोपाल।** जिले में बाल विवाह रोकने के लिए जिला प्रशासन ने हर स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। कलेक्टर अविनाश लवानिया के निर्देश पर जिला स्तर पर लाडो अभियान शुरू कर दिया गया है। वहीं अब विवाह पत्रिकाओं में वर - वधू की उम्र लिखना होगा। इस तरह के निर्देश जिले की सभी प्रिंटिंग प्रेसों को दिए गए हैं। जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में अक्षय तृतीया एवं अन्य विवाह मुहूर्त पर नजर रखने के लिए विशेष टीमें बनाई जा रही हैं। इसके अलावा सामूहिक विवाह कार्यक्रम करवाने वालों से प्रशासन बाल विवाह नहीं करवाने का शपथ पत्र भी लेगा। बता दें कि बाल विवाह कराने और उसमें सहयोग करने वालों के खिलाफ बाल विवाह रोकथाम अधिनियम 2006, की धारा 9,10,11 एवं 13 के तहत कार्रवाई का प्रविधान है। साथ ही इसमें 2 वर्ष का कारावास एवं एक लाख रुपये तक का जुर्माने के प्रविधान है। इससे आप यदि बाल विवाह में शामिल होने जा रहे हैं तो वर - वधू की उम्र जरूर सुनिश्चित कर लें।

### प्रिंटिंग प्रेस पर भी होगी कार्रवाई

बाल विवाह रोकने के लिए प्रशासन ने सख्त नियम बनाए हैं। यदि कहीं भी बाल विवाह किया जाता है तो उसमें वर - वधू पक्ष पर तो कार्रवाई की जाएगी। साथ ही प्रिंटिंग प्रेस, हलवाई, केटर्स, धर्मगुरू, बैंड- बाजा, डीजे, ट्रांसपोर्ट के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। इससे वह भी आयु संबंधी प्रमाण पत्र लेने के बाद ही अपनी सेवाएं विवाह कार्यक्रम में दें। प्रिंटिंग प्रेस विवाह पत्रिका छापते समय उसमें वर - वधू के बालिग होने की जानकारी और उम्र भी लिखें।

### बालक - बालिकाओं की सूची हो रही तैयार

जिले में 18 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं और 21 वर्ष से कम आयु के बालकों की जानकारी जुटाकर सूची तैयार की जा रही है। एसडीएम की अध्यक्षता में सभी परियोजना, खंड चिकित्सा, खंड शिक्षा अधिकारी और टीआई बाल विवाह पर नजर रखेंगे। साथ ही वह आयु और मेडिकल दस्तावेजों की जांच करेंगे। इसके अलावा वह विवाह सम्मेलन में पहुंचकर वर - वधू की उम्र के दस्तावेज जांचेंगे।

### आंगनवाड़ी होंगी सूचना केंद्र, बनेंगी टीमें

ग्राम, विकासखंड एवं जिला स्तर पर आंगनवड़ी केंद्रों को सूचना केंद्र बनाया जा रहा है। वहीं इन जगहों पर बाल विवाह रोकने के लिए जो टीमें बनाई जा रही हैं उनमें अधिकांश महिलाएं शामिल रहेंगी। इनमें स्वसहायता समूह की सदस्य, शौर्या दल के सदस्य, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मातृ सहयोगिनी समिति, सरपंच और पंच शामिल रहेंगे। इसके अलावा बाल विवाह करवाने में मदद करने वाले कोर ग्रुप के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों एवं अशासकीय संस्थाओं के प्रतिनिधियो पर कार्रवाई की जाएगी। बाल-विवाह रोकने के लिए पुलिस थानों, चाइल्ड लाईन, कलेक्टर - अनुविभागीय, जिला - परियोजना कार्यालय एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल रहेंगे। जिले में बाल विवाह रोकने के लिए टीमें गठित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिसमें पुलिस, जिला पंचायत, चाइल्ड लाइन और प्रशासन के अधिकारी शामिल हैं। बाल विवाह को समाज से पूरी तरह खत्म करना हमारा लक्ष्य है। यदि कही बाल विवाह होना पाया गया तो वर - वधू के अलावा उसमें शामिल सभी लोगों और पत्रिकाएं छाने वाली प्रिंटिंग प्रेस पर कानूनी कार्रवाई कर जेल भेजा जाएगा।

**अवनिाश लवानिया, कलेक्टर**

- बाल विवाह रोकने के लिए जिला टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा। इस संबंध में हमारी आज सभी वृत्त के एसडीएम के साथ बैठक रखी गई है। इसके बाद आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। **अर्चना सहाय, डायरेक्टर चाइल्ड लाइन**

# केन्द्रीय मंत्री श्री पटैल व श्री कुलस्ते ने किया राजा हिरदेशाह लोधी की प्रतिमा का अनावरण

# केरपानी में अष्टधातु की 11 फुट ऊंची प्रतिमा का हुआ अनावरण







*नरसिंहपुर यभाप्र। आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं जल शक्ति राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटैल व केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने 1842 की बुंदेला क्रांति के महानायक राजा हिरदेशाह की प्रतिमा का गुरूवार को जिले की करेली तहसील के ग्राम केरपानी में अनावरण किया। यह प्रतिमा 11 फुट ऊंची है और अष्टधातु से बनाई गई है।*

अनावरण समारोह का आयोजन केन्द्रीय राज्य मंत्री प्रहलाद पटैल के मुख्य आतिथ्य एवं केन्द्रीय राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते की अध्यक्षता में किया गया। यहां अतिथियों ने 1842 व 1857 की क्रांति के शहीदों की स्मृति में प्रकाशित स्मारिका का विमोचन भी किया। इस अवसर पर लोकसभा सांसद राव उदय प्रताप सिंह, विधायक एटा सदर एवं अध्यक्ष राष्ट्रीय लोधी, लोधा, लोध क्षत्रिय महासभा विपिन वर्मा डेविड, राजा हिरदेशाह लोधी की 6 पीढ़ी के वंशज कौशलेन्द्र सिंह लोधी, ढिलवार के राजा नरवरशाह के वंशज ठा. रामकुमार सिंह, विधायक जालम सिंह पटैल, नर्मदा प्रसाद प्रजापति, संजय शर्मा एवं धर्मेन्द्र लोधी, कोक सिंह नरवरिया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती शीलादेवी ठाकुर अन्य जनप्रतिनिधि और नागरिक मौजूद थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय राज्य मंत्री प्रहलाद पटैल ने कहा कि जिले में 1842 की बुंदेला क्रांति के 180 साल बाद आज राजा हिरदेशाह की मूर्ति के अनावरण का अवसर कोई मामूली घटना नहीं है। यह ऐतिहासिक क्षण है, जिसके हम सभी साक्षी बन रहे हैं। जो भी इस मूर्ति को देखेगा, वो राजा हिरदेशाह और उनके वंशजों के त्याग को भूल नहीं सकेगा। देश की आजादी में शहीदों की कुर्बानियों को सदैव याद रखा जायेगा। श्री पटैल ने कहा कि हमारे क्षेत्र के गौंड़, राजगौंड़, ठाकुर, बुंदेला व लोधी राजवंशों ने आपसी सामंजस्य से 1842 की बुंदेला क्रांति और 1857 के पहले स्वतंत्रता संग्राम में अपनी शहादत देकर इस क्षेत्र का नाम हमेशा के लिए इतिहास में दर्ज करा दिया है। भावी पीढ़ियां इन शहीदों के योगदान से सदैव प्रेरणा लेती रहेंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के दौरान देश के भूले- बिसरे क्रांतिकारियों को प्रकाश में लाने का जो संकल्प लिया गया है, वह अभिनंदनीय है। आजादी के अमृत महोत्सव की सार्थकता इसी में है कि हम आजादी के अनजाने नायकों एवं उनके योगदान को भी जानें। इसी कड़ी में राजा हिरदेशाह की मूर्ति का अनावरण किया गया है, जिससे लोग शहीदों के योगदान को स्मरण रखेंगे और उनसे प्रेरणा लेंगे।

## 1842 की बुंदेला क्रांति के महानायक हैं राजा हिरदेशाह

श्री पटैल ने राजा हिरदेशाह और उनके वंशजों के देश की आजादी में योगदान का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हिरदेशाह के वंशजों ने विपरीत परिस्थितियों में भी उनके यश और गौरव को बरकरार रखा। केन्द्रीय राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने देश की आजादी में संग्राम शाह, रानी दुर्गावती, दलपत शाह, बिरसा मुंडा, रानी अवंती बाई लोधी, राजा हिरदेशाह और अन्य क्रांतिकारियों के योगदान का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आज देश की आजादी में कुर्बानी देने वाले वीरों, वीरांगनाओं को जानने, पहचानने और उनके योगदान को अक्षुण्ण रखने का समय है। उन्होंने इतिहासकारों से अपेक्षा की कि वे देश के लिए कुर्बानी देने वालों के बारे में लोगों को बतायें, जिससे आने वाली पीढ़ियां उनके कार्यों और योगदान को जान सकें। जाने-अनजाने शहीदों के योगदान को पुनर्स्थापित करने का काम किया जावे। इसी कड़ी में राजा हिरदेशाह की मूर्ति की स्थापना सराहनीय कार्य है। हमें देश की आजादी के संघर्ष में भाग लेने वाले जाने- अनजाने क्रांतिकारियों के योगदान को सदैव याद रखना चाहिये। हम सबका कर्त्तव्य है कि हम महान विभूतियों के कार्यों से प्रेरणा लें।सांसद राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि राजा हिरदेशाह की मूर्ति की स्थापना कर अतीत की गौरवशाली विरासत को स्थापित करने का यह कार्य अभिनंदन के योग्य है। राजा हिरदेशाह के कार्यों को जानकर हमें गौरव की अनुभूति होती है। उन्होंने कहा कि राजा हिरदेशाह का स्मारक ऐसा स्थान बने कि देश के कोने- कोने से लोग यहां आयें। इसे उन्होंने पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राजा हिरदेशाह की स्मृतियां अक्षुण्ण रहें और लोग उनके कार्यों से प्रेरणा लें।विधायक जालम सिंह पटैल ने कहा कि प्रदेश शासन ने तय किया है कि जिले का गौरव दिवस मनाया जाये। हम राजा हिरदेशाह की पुण्य तिथि बलिदान दिवस 28 अप्रैल को जिले के गौरव दिवस के रूप में मनायेंगे। उन्होंने बताया कि बुंदेलखंड क्षेत्र एवं जिले में तीन क्रांति सन 1842, 1857 और 1920 से 1947 तक हुई। इन तीनों क्रांतियों में जिले का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। जिन शहीदों ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया, उनका कर्ज उतारने का अवसर आया है। हमें शहीदों के कार्यों से प्रेरणा लेना होगी। विधायक एनपी प्रजापति ने कहा कि सर्वदलीय आधार पर इस तरह का कार्यक्रम आगे भी मनाया जाना चाहिये, ताकि सपूतों के कार्यों की लोगों को जानकारी हो। विधायक विपिन डेविड, संजय शर्मा एवं धर्मेन्द्र लोधी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने देश की आजादी में योगदान देने वालों के कार्यों से प्रेरणा लेने की बात कही।

### 1842 की बुंदेला क्रांति के महानायक राजा हिरदेशाह लोधी

उल्लेखनीय है कि राजा हिरदेशाह लोधी ने नरसिंहपुर जिले की हीरागढ़ रियासत से सम्पूर्ण सागर व नर्मदा टेरिटरीज के तहत सागर, दमोह, जबलपुर व नरसिंहपुर जिले के सभी बुंदेलाए गौंड़, राजगौंड़ व लोधी राजाओं को संगठित कर अंग्रेजों के विरूद्ध 1842 में बुंदेला विद्रोह का सफल नेतृत्व किया। इस दौरान हीरागढ़- हीरापुर रियासत के परिवारजन गजराज सिंह, सावंत सिंह, लटकन जूए मेहरबान सिंह व ईसरी सिंह ने अंग्रेजों से सभी मोर्चों पर 18 माह तक जमकर संघर्ष किया। उस समय हीरागढ़ रियासत के राजा के पास 1843 हल्का, 24 हजार 500 सैनिक, 80 बड़ी व 100 छोटी तोपें, 200 गुराब, 7 हाथी, 1600 घोड़े, 500 सांड़ियां ऊंट और 200 खच्चर थे। लम्बे संघर्ष को देखकर अंग्रेजों ने राजा हिरदेशाह पर 10 हजार रूपये का इनाम रखा। सागर जिले के शाहगढ़ के राजा बखतबली ने धोखे से राजा हिरदेशाह को उनके परिवार सहित 22 दिसम्बर 1842 को गिरफ्तार करवा दिया। भीषण संघर्ष के बाद ब्रिटिश सरकार को समझौता करना पड़ा और नरसिंहपुर जिले के लगान में 10 प्रतिशत की छूट देनी पड़ी। साथ ही सभी भ्रष्ट अधिकारियों का तबादला करना पड़ा। इसके बाद 1843 में नरसिंहपुर को फिर से जिला बनाने के लिए अंग्रेजी हुकूमत को मजबूर होना पड़ा।हीरापुर के राजघराने ने अपनी मातृ भूमि की रक्षा के लिए 1857 की क्रांति में भी जिले का नेतृत्व किया। राजा हिरदेशाह के भाई गजराज सिंह भी लगातार संघर्ष करते रहे। अंग्रेजों ने उन्हें जबलपुर के चांडाल भाटा में 29 नवम्बर 1857 को फांसी दे दी। उनका 50 किलो का बख्तर, 25 किलो का तोप, 25 किलो का गुटन्ना अभी भी नागपुर के म्यूजियम में सुरक्षित रखा गया है। 1857 की क्रांति में नरसिंहपुर जिले का नेतृत्व फिर से हीरापुर के राजा हिरदेशाह के पुत्र मेहरबान सिंह ने किया, जो जंगीराजा उप नाम से जाने जाते थे। पूरी ताकत झौंकने के बावजूद अंग्रेज क्रांतिकारी मेहरबान सिंह को अंत तक गिरफ्तार नहीं कर पाये। वृद्ध राजा हिरदेशाह ने अंग्रेजों की शर्तें मानने से इंकार कर दिया। इस कारण से 3 अप्रैल 1857 को अंग्रेजों ने हीरागढ़ रियासत की पूरी सम्पत्ति राजसात कर ली।नरसिंहपुर के कैप्टन टर्नन व कैप्टन वूली ने मिलकर देवी सिंह गोठिया को उनके बेटे जगत सिंह व मुदरी पटैल को साथियों के साथ मार्शल लॉ के तहत 15 दिसम्बर को फांसी दे दी। कैप्टन टर्नन ने 23 नवम्बर 1857 को कैप्टन राबर्टस के साथ दीवान गंजन सिंह के प्रमुख गढ़ सिंगपुर पर हमला किया। यहां गन्ने के खेत में करीब 150 से 200 मशालचियों के साथ गंजन सिंह एवं दलगंजन सिंह ने भयंकर युद्ध किया। इसमें केवल 43 योद्धा जीवित बचे, इनमें से एक गंजन सिंह भी थे। बाकी सभी शहीद हो गये। गंजन सिंह को 23 नवम्बर 1857 की शाम को भीड़ भरे क्षेत्र देवरी में फांसी दे दी गई। काफी संघर्ष के बाद अंग्रेजों ने दलगंजन सिंह को पकड़ कर 23 नवम्बर को ही फांसी दे दी। इसके बाद 24 नवम्बर 1857 को 22 अन्य लोगों को भी मार्शल लॉ के तहत फांसी दे दी गई। इन दो दिनों में भीषण संघर्ष हुआ और करीब 200 वीर योद्धा अपने जन्म भूमि के लिए शहीद हो गये। वर्ष 1857 में ही नरसिंहपुर के परेड मैदान में अंग्रेजों ने क्रांतिकारी सिपाही गजाधर तिवारी को तोप से उड़ा दिया। इसी प्रकार मदनपुर के राजा डेलनशाह के पुत्र रघुराज सिंह और 15 अन्य क्रांतिकारियों को ढिलवार में 17 जनवरी 1858 को फांसी दे दी गई। मदनपुर के राजा डेलनशाह को भी 23 मई 1858 को ढिलवार के किले के पास बरगद के पेड़ पर फांसी दे दी गई। हीरापुर की महारानी रमावति का 25 अप्रैल 1858 को स्वर्गवास हो गया। इसके ठीक 3 दिन बाद महान क्रांतिकारी राजा हिरदेशाह लोधी भीषण मारकाट से दुखी होकर 28 अप्रैल 1858 को इस दुनिया से चल बसे।

# यात्री सुविधाओं में रेल मंडल के विकास में लगे पंख : डीआरएम

जबलपुर यश भारत। जबलपुर रेल मंडल अपने कार्यों से जहां यात्रियों को संतुष्ट कर रहा है वही अपने इंफ्रास्ट्रक्चर में बढ़ोतरी के साथ ही राजस्व में भी काफी वृद्धि कर रहा है जिसके कारण मंडल के विकास को पंख लगे हुए हैं और मंडल तेजी से आधुनिक यात्री सुविधाएं, यात्रियों को उपलब्ध कराने में जुटा हुआ है ।इस आशय की बात मंडल रेल प्रबंधक संजय विश्वास ने मंडल कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में पत्रकारों को बताई। पत्रकार वार्ता में श्री विश्वास ने बताया कि जबलपुर रेल मंडल के राजस्व में निरंतर वृद्धि हो रही है या वृद्धि वर्ष 2021 -22 में गत वर्ष की तुलना में 147त्न अधिक है इसी तरह उन्होंने मंडल में टिकट चेकिंग में की जा रही उल्लेखनीय वृद्धि के बारे में बताएं कि टिकट चेकिंग से रेलवे ने 300त्न से अधिक राजस्व इस वर्ष अर्जित है जिसके द्वारा लगभग 76 करोड़ों रुपए की राशि सिर्फ उड़नदस्ता के सदस्यों ने अनियमित टिकट धारियों को पकड़कर की है। इस दौरान टिकट चेकिंग द्वारा लगभग 10 लाख प्रकरणों बिना टिकट अथवा अनियमित टिकट के बनाए गए हैं माल ढुलाई के विषय में श्री विश्वास ने बताया कि मंडल ने इस वर्ष 43269 वैगन दिनों से माल लदान करके 2.90 मिट्रिक टन की ढूलाई की है यह गत वर्ष की तुलना में 30प्रश से अधिक है।

उन्होंने बताया कि मंडल के सतना स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक एवं दो पर, कटनी स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1तथा 2 पर तथा जबलपुर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 6 पर एस्केलेटर वर्ष 2122 में स्थापित किए गए हैं और इस वित्तीय वर्ष में तीन अन्य स्टेशनों पर पांच एस्केलेटर लगाने का लक्ष्य है। इसके साथ ही नरसिंहपुर, पिपरिया तथा रीवा स्टेशन पर लिफ्ट स्थापित कर दी गई है इसके साथ ही चार अन्य स्टेशनों पर भी शीघ्र ही 6 नई लिफ्ट लगाने का प्रावधान किया गया है। श्री विश्वास ने कहा कि मंडल की अनारक्षित श्रेणी की 23 गाड़ियों में सामान्य दर्जे की टिकट की सुविधा प्रारंभ हो गई है तथा शेष 24 अन्य ट्रेनों में भी यह सुविधा आगामी 1 मई से प्रारंभ कर दी जाएगी इसी तरह बेड रोल के विषय में बताते हुए श्री विश्वास ने कहा कि कोविड-19 से ट्रेनों में बेडरोल का वितरण रोक दिया गया था जिसे मंडल में पुन: चालू कर दिया गया है तथा मंडल की 12 प्रमुख गाड़ियां में यह सुविधा प्रारंभ कर दी गई है जिसके तहत वातानुकूलित श्रेणी के यात्री अब ट्रेन में ही बेड रोल प्राप्त कर सकेंगे।

श्री विश्वास ने कहा कि हाल ही में रेलवे बोर्ड द्वारा गठित यात्री सुविधा समिति ने जबलपुर रेल मंडल के विभिन्न स्टेशनों का निरीक्षण किया था।

# आसमान से बरस रही आग, नागरिक त्रस्त

तेंदूखेड़ा यभाप्र। इन दिनों तापमान उच्चताप पर पंहुचता चला जा रहा है। सूरज की सीधी पड़ती किरणों से जैसे आसमान से आग बरस रही हो जैसा प्रतीत हो रहा है। प्रतिदिन 40 से 43 सेंटीग्रेट तापमान नापा जा रहा है। 12 बजते ही शाम 5 बजे तक धूप कम होने तक लोग अपने अपने घरों से बाहर नही निकल पा रहें है। सड़के सुनसान हो जाती है। वहीं मूक प्शु पक्षियों की स्थिति भी गंभीर बनी हुई है।

# मिानव श्रृंखला बनाकर दिया स्वच्छता का संदेश



नरसिंहपुर यभाप्र। जिले में चल रहे स्वच्छज्टता सर्वेक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टर रोहित सिंह के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती जेएस विल्सन की उपस्थिति में शहर के आजाद वार्ड में मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया।

स्वच्छता सर्वेक्षण की शिक्षा विभाग की नोडल जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण की कार्य योजना के अनुसार शहर की शासकीय संस्थाओं एमएलबी उत्कृष्ट विद्यालय, नेहरू हायर सेकेंडरी, एस डी एम विद्यालय के प्राचार्य एवं स्टाफ सहित शिक्षा विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति रही । इसके पूर्व 28 अप्रैल को शिक्षा विभाग द्वारा स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर से वाहन रैली एवं मैराथन दौड़ आयोजित कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

# सीएमओ के प्रयास लाये रंग, बहर की सफाई के बाद निकला पानी



तेंदूखेड़ा यभाप्र। ईमानदारी दृढ़ इच्छा संकल्प शक्ति के साथ किये जाने वाले हर प्रयास में कामयाबी हासिल होती है। ऐसा ही एक उदाहरण तेंदूखेड़ा नगर परिषद के सीएमओ के प्रयास कामयाब साबित हुये है। मप्र, शासन के द्वारा संपूर्ण प्रदेश में चलाये जा रहे जलाभिषेक कार्यक्रम के तहत कलेक्टर रोहित सिंह के द्वारा मिले दिशा निर्देश के अनुसार पुराने जल स्त्रोतों को सहेजने साफ-सफाई कर उनमें पानी रोकने जमीनी जल स्तर बढ़ाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के चलते अपना अस्तित्व खो चुकी रामघाट के समीप वाली बहर की विगत दिनों पंचायत कर्मियों के द्वारा श्रमदान कर बहर की सफाई की गई थी वहीं उसकी गहरी करण भी कराया जा रहा है। जिसके तहत विगत दिनों पानी निकलना प्रारंभ हो गया है। इस बहर में पुन: पानी भराव की उम्मीद जाग गई है। गौरतलब रहे कि रामघाट के समीप स्थित बहर और राधा कृष्ण कुण्डो की उपेक्षा के चलते अपना अस्तित्व खो चुके हैं। लेकिन सीएमओ श्रीकांत पाटर के प्रयासों से निकले पानी से अब पुन: पानी निकलने की उम्मीद जाग गई है।

# राज्यसभा सांसद ने वितरित की बैटरी चलित ट्रायसाइकिल



नरसिंहपुर यभाप्र। जब तक में राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रहूंगा, तब तब में गरीबों की सेवा करता रहूंगा अभी तक 27 विकलांग नागरिकों को नि:शुल्क बैटरी चलित ट्राई साइकिल वितरण किया गया है यह विकलांग व्यक्तियों को नई ऊर्जा के साथ जीवन यापन में मददगार होगा एवं अपने रोजगार की ओर अग्रसर होंगे। उक्त बातों से पत्रकारों से चर्चा करते हुए राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी ने अपने ग्रह निवास तपस्या भवन में नि:शुल्क बैटरी चलित ट्राई साइकिल वितरण के समय पात्र हितग्राहियों का तिलक लगाकर माला एवं शाल से स्वागत किया, पात्र हितग्राही गजेंद्र सिंह लोधी, छोटू गोंड, शेखसफी, अशफाकुरहमान, प्रकाश कुर्मी ने साइकिल मिलते ही राज सभा सांसद श्री सोनी के प्रति आभार व्यक्त किया। साइकिल वितरण के समय अखिलेश ज्योतषी, कमलेश कौरव, अक्षत सोनी, मनीष राजपूत, मालगुजर पटैल, अनिमेश यादव, जितेंद्र स्वामी, पत्रकार भगीरथ तिवारी, दीपक कौरव, यदुनंदन सिंह एवं अन्य नागरिकगण उपस्थित रहे।

# युवो वीडियो अवार्ड्स नाइट 2022 आज




**जेस मानक देंगे लाइव परफॉर्मेंस, जबलपुर की विभूतियों को किया जाएगा**

जबलपुर। युवो वीडियो व पर्पल हे? के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार की रात संस्कारधानी के इतिहास में बहुत ही यादगार साबित होगी। लाइव परफॉर्मेंस एवं सम्मान कार्यक्रम से सजी यूडब्ल्यूओ अवार्ड्स नाइट 2022 का आयोजन 30 अप्रैल को तिलवारा स्थित ज्ञानगंगा कॉलेज के विशाल परिसर में शाम 6 बजे से आयोजित होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में जहां एक ओर सुविख्यात जस मानक अपना शानदार लाइव परफॉर्मेंस देंगे, वहीं संस्कारधानी की उन विशिष्ट हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने अपने कला-कौशल से जबलपुर का नाम देश-दुनिया में रोशन किया है। इस बहुआयामी कार्यक्रम में व्यापार जगत की शख्सियतों को भी सम्मान प्रदान किया जाएगा, जिन्होंने विभिन्न सेक्टरों में उत्कृष्ट कार्य करते हुए अपने शहर जबलपुर का नाम उजागर किया है।यूडब्ल्यूओ अवार्ड्स नाइट 2022 के इस बेहद आकर्षक प्रोग्राम में रशद राणा,मृदुला ओबेरॉय, अंकित भाटिया, कुशाग्र नौटियाल, गायत्री अय्यर, श्रीराधे,पूजा व काम्या पांडे को विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट प्रदर्शन करते हुये कार्य करने के लिए सम्मानित किया जाएगा। इन हस्तियों में व्यापार-उद्योग, संगीतकार, डांसर,मॉडल्स व फिटनेस के क्षेत्र से जु? नाम शामिल हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य है कि सम्मान से प्रतिभाओं का मनोबल ब? और वे भविष्य में शहर के लिए नई ऊर्जा के साथ कार्य करें।इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि देश की प्रतिभाएं देश से बाहर जाने को विवश न हों, उन्हें देश में ही पर्याप्त सम्मान और आदर दिया जाए। आयोजक गुरमुख आहूजा,अखिल चावला एवम् रौनक उपाधाय ने बताया कि उनके द्वारा इसी मकसद को लेकर कार्य किया जा रहा है, जो भविष्य में अनवरत जारी रहेगा।

## निहारिका पटेल बनी जबलपुर की कॉमर्स ग्रुप की टॉपर



पनागर/शांति निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल पनागर की छात्रा कुमारी निहारका पटेल पिता श्री राजेश पटेल ने बारहबी बोर्ड एग्जाम में डिस्टिक लेवल पर कॉमर्स ग्रुप से 464 अंक प्राप्त कर जबलपुर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है इस होनहार बेटी को स्कूल प्रबंधन की ओर से बहुत-बहुत बधाई।

# दसवीं की बोर्ड परीक्षा में सिहोरा की बेटियों का दबदबा

**दसवीं में कन्या शाला की निहालिका जिले में प्रथम बारहवीं में स्वपनिल कला संकाय से जिले में प्रथम**

**सिहोरा** - आज माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल के घोषित हुए परीक्षा परिणामो में जबलपुर जिले की बारहवीं और दसवीं की जिले की मैरिट सूची में इस बार बेटियों ने परचम फहराया है । नगर के विभिन्न विद्यालयों से जहां दसवीं में तीन छात्रायों ने शानदार प्रदर्शन कर तहसील का नाम रोशन किया है वहीं बारहवीं की मैरिट सूची में एक छात्र ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर सिहोरा को गौरवान्वित किया है।

### शिक्षक बनना चाहती है निहालिका

शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल सिहोरा की छात्रा वार्ड नम्बर 11 निवासी निहालिका पिता सुनील माता अर्चना प्यासी ने दसवी में जिले की मेरिट सूची में 500/486, 97,2 प्रतिशत अंक हांसिल कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है । निहालिका ने बताया की वे अपनी सफलता का श्रेय माता पिता तथा गुरुजनों को देती है और आगे शिक्षक बनना चाहती है । लेकिन उन्हें अपसोस है की केवल एक नम्बर से वे प्रदेश की मैरिट सूची में स्थान बनाने से चूक गई। विदित हो की प्रदेश की मैरिट सूची 487 अंको पर जाकर समाप्त हो गई।

### स्वपनिल बारहवीं में जिले में प्रथम

शासकीय पंडित विष्णुदत्त शुक्ल उत्कृष्ट



उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहोरा के बारहवीं के छात्र स्वपनिल बागरी पिता यशवंत माता सुनीता बागरी ने जिले की मैरिट सूची में कला संकाय में 500/ 467 अंक 93.4 प्रतिशत अंक हांसिल कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

### मैत्री जैन दसवीं जिले में तृतीय

मिस्पा मिशन सीनियर सेकेंडरी स्कूल



सिहोरा की छात्रा कुमारी मैत्री जैन पिता अमित, माता प्रतिभा जैन ने दसवीं में 500/484 अंक 96.8 प्रतिशत प्राप्त कर जबलपुर जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया है ।

### आरती यादव दसवीं जिले में द्वितीय

मिस्पा मिशन सीनियर सेकेंडरी स्कूल सिहोरा दसवीं की छात्रा आरती यादव पिता हीरा,माता जाग्रति यादव ने जिले की मैरिट सूची में अंक 500/485, 97 प्रतिशत अंक हांसिल कर जिले की मैरिट सूची में दुसरा स्थान प्राप्त किया है।

# शिकायतों का नहीं हो पा रहा

तेंदूखेड़ा यभाप्र। लोगों की समस्याओं के निराकरण और जानकारी के लिये जहां सूचना का अधिकार अधिनियम बनाया गया है। वहीं 181 पर आवेदन कर शिकायतों का निराकरण तत्काल प्रभाव से किये जाने सरकार के द्वारा ही बनाई गई। एक व्यवस्था है लेकिन उपर बैठे बरिष्ठ अधिकारियों की चलती लाल फीताशाही और सरकार द्वारा बनाई गई व्यवस्थाओं पर पलीता लगाने की एक सोची समझी साजिश ही कही जानी चाहिये जिसे लेकर तरह तरह की चर्चायें सुनने को मिलती है। वहीं विभिन्न ठेकेदारों द्वारा एवं अधिकारियों द्वारा की जा रही मनमानी पूर्ण कार्यशैली पर भी विराम नही लग पाता है। समय पर उचित दंडात्मक कार्यवाही ना होने की स्थिति पर जहां शिकायतकर्ताओं का भरोसा उठता है वहीं मनमानी करने वाले इन अधिकारियों एवं ठेकेदारों के हौंसले बुलंदी पर पंहुच जाते है। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार लगभग डेढ़ माह पूर्व शिकायत क्रं. 16973396 एवं 17000707 खनिज विभाग के संबंध में ग्रामपंचायत मदनपुर के अंतर्गत शिकायतें अवैध उत्खनन और राजस्व को लाखों रूपये का चूना लगाने की शिकायत दर्ज कराई गयी थी। स्वयं खनिज विभाग के अधिकारियों से कृष्णा कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा मौजा बरेली तहसील तेंदूखेड़ा खसरा नंबर 46/8 रकवा 1.214 हेक्टेयर निजी क्षेत्र भूमि पर रखी हुई मिट्टी खनिज परिवहन अनुज्ञा हेतु आवेदन किया गया था। खनिज निरीक्षक के प्रतिवेद अनुसार मात्र 1200 घन मीटर मिट्टी ही रखी होना स्पष्ट किया गया है। वह भी 1 फरवरी से 1 मार्च के बीच परिवहन के माध्यम से उठाया जाना स्पष्ट किया गया है। लेकिन इन

# विराट कोहली पर सबकी नजरें



### आरसीबी पर रॉयल जीत हासिल कर प्लेऑफ में जगह पक्की करना चाहेगी गुजरात,

आईपीएल के 15वें सीजन में शनिवार (30 अप्रैल) को जब गुजरात टाइटंस और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) की टीमें आमने-सामने होंगी। इस मैच में सबकी नजरें विराट कोहली पर होगी, जो लगातार खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। वहीं, इस सीजन में पदार्पण करने वाली गुजरात की नजर प्लेऑफ में जगह पक्की करने पर होगी। गुजरात अंकतालिका में शीर्ष पर है। वहीं आरसीबी पांचवें नंबर पर मौजूद है। इस मुकाबले में आरसीबी को अपने स्टार बल्लेबाज कोहली से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी, जो अभी तक 9 मैचों में महज 128 रन ही बना सके हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 48 रन का रहा है। पिछले मैच में वह ओपनिंग करने उतरे थे, लेकिन 9 रन ही बना सके। इससे पहले 2 मैचों में वह गोल्डन डक आउट हो गए थे। जीत के रथ पर सवार गुजरात टाइटंस के पास मैच विजेताओं की पूरी फौज है और संकट के समय हर बार एक नया खिलाड़ी संकटमोचक बनकर उभर रहा है। गुजरात ने 8 में से 7 मैच जीते हैं और उसका पलड़ा भारी लग रहा है। आरसीबी पर जीत दर्ज करते ही प्लेऑफ में उसका स्थान लगभग पक्का हो जाएगा।

### गुजरात का शीर्ष और निचला क्रम दोनों ही फॉर्म मे

पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत के लिए 196 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात की स्थिति खराब थी, मगर लेग स्पिनर राशिद खान ने बल्ले के जौहर दिखाकर टीम को शानदार जीत दिलाई। आखिरी ओवर में राहुल तेवतिया और राशिद ने चार छक्के लगाकर असंभव सी नजर आने वाले लक्ष्य को संभव कर दिखाया। गुजरात का शीर्ष क्रम और निचला क्रम दोनों ही फॉर्म में हैं। कप्तान हार्दिक पांड्या अभी तक 7 मैचों में 305 रन बना चुके हैं और वो सबसे सफल कप्तान साबित हो रहे हैं। पांड्या के अलावा शुभमन गिल, डेविड मिलर और ऋद्धिमान साहा ने भी रन बनाए हैं। पिछले मैच में साहा ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेलकर टीम को अच्छी शुरूआत दिलाने में अहम भूमिका अदा की थी।

### एक टीम के रूप में नहीं चल पाई आरसीबी

आरसीबी की बल्लेबाजी में भी गहराई की कमी नहीं है, मगर आरसीबी एक टीम के रूप में नहीं चल पाई। कोहली खराब फॉर्म में हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल भी अभी तक 6 मैचों में 124 रन ही बना सके। वहीं कप्तान फॉफ डुप्लेसिस, दिनेश कार्तिक और शाहबाज अहमद का ही बल्ला चल रहा है, जिससे उन पर दबाव बनता जा रहा है। उन्हें एक बार फिर से संतुलित गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ बड़ी संख्या में रन बनाने की जिम्मेदारी लेनी होगी।

### गेंदबाजी के तौर पर दिखेगी रोचक भिड़ंत

गेंदबाजी के मोर्चे पर यह एक दिलचस्प मैच हो सकता है क्योंकि दोनों पक्षों के पास इस सीजन में कुछ बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी हैं। मोहम्मद शमी 13 विकेटों के साथ टाइटंस के लिए सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे हैं और तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन और राशिद खान किसी भी विरोधी टीम को ढहाने में काफी हैं। आरसीबी के पास डेथओवर विशेषज्ञ हर्षल पटेल की गेंदबाजी में भी दम है, जिन्होंने अब तक 12 विकेट लिए हैं। वहीं, श्रीलंकाई खिलाड़ी वानिंदु हसरंगा (13 विकेट) भी विकेट निकालने में सक्षम हैं। तेज गेंदबाजी की कमान में मोहम्मद सिराज और जोश हेजलवुड का आक्रमण टाइटंस के लिए मुश्किलें बढ़ा सकता है।




## राम चरण की फिल्म की शानदार ओपनिंग

### बड़े परदे पर 'आचार्य' का जोरदार धमाका

तेलुगू सुपरस्टार राम चरण की शुक्रवार को रिलीज हुई फिल्म 'आचार्य' ने उनके करियर में सिर्फ तेलुगू में रिलीज हुई फिल्मों के मामले बॉक्स ऑफिस पर ओपनिंग का नया रिकॉर्ड बना दिया है। राम चरण की जूनियर एनटीआर, अजय देवगन और आलिया भट्ट के साथ रिलीज हुई पिछली फिल्म 'आरआरआर' की कामयाबी के बाद तेलुगू की ये दूसरी फिल्म है जिसने बॉक्स ऑफिस पर इतनी धमाकेदार ओपनिंग ली है। राम चरन की इस फिल्म से उम्मीदें ये भी की जा रही है कि ये उनके करियर में सिर्फ तेलुगू में रिलीज हुई फिल्मों के मामले में फिल्म 'रंगस्थलम' की कमाई का रिकॉर्ड भी तोड़ देगी।

# गेंदबाजों ने लखनऊ को दिलाई सुपर जीत



### पंजाब के खिलाफ 20 रन से मारी बाजी

लखनऊ सुपर जाएंट्स ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 20 रन से शानदार जीत दर्ज की। लखनऊ की टीम ने गेंदबाजों के दम पर 153 रन के स्कोर का सफलतापूर्वक बचाव किया और सीजन की छठी जीत हासिल की। लखनऊ के 154 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 133 रन ही बना पाई।

लखनऊ सुपर जाएंट्स ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 20 रन से शानदार जीत दर्ज की। लखनऊ की टीम ने गेंदबाजों के दम पर 153 रन के स्कोर का सफलतापूर्वक बचाव किया और सीजन की छठी जीत हासिल की। लखनऊ के 154 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 133 रन ही बना पाई। केएल राहुल की अगुआई वाली लखनऊ अब जीत के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है।

### मोहसिन को दोहरी सफलता

मोहसिन खान ने अपने आखिरी ओवर में दो विकेट लिए। उन्होंने सबसे पहले रबाडा को बदोनी के हाथों कैच कराया और फिर आखिरी गेंद पर राहुल चाहर को चलता किया। 18 ओवर के बाद पंजाब किंग्स का स्कोर: 117/8, ऋषि धवन (6*), अर्शदीप सिंह (0*)

### बेयरस्टो 32 रन बनाकर आउट

बेयरस्टो ने फिर से निराश किया और बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। उन्होंने चमीरा ने अपने तीसरे ओवर की दूसरी गेंद पर क्रुणाल के हाथों कैच कराया। बेयरस्टो ने आउट होने से पहले 28 गेंदों में 32 रन बनाए। 16 ओवर के बाद पंजाब किंग्स का स्कोर: 105/6, ऋषि धवन (1*), कगिसो रबाडा (1*)

क्रुणाल का विकेट मेडन

क्रुणाल पांड्या ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पंजाब को बैकफुट पर धकेल दिया है। पांड्या ने अपने आखिरी ओवर में जितेश शर्मा को आउट करने के साथ-साथ मेडन भी डाला। उन्होंने ओवर की दूसरी गेंद पर जितेश शर्मा को एक सफल रिव्यू की मदद से दो के स्कोर पर एलबीडबल्यू किया। 14 ओवर के बाद पंजाब किंग्स का स्कोर: 92/5, ऋषि धवन (0*), जोनी बेयरस्टो (21*)

लिविंगस्टोन 18 रन बनाकर आउट

लियम लिविंगस्टोन बड़ी पारी खेलने में फिर से नाकाम। उन्हें मोहसिन खान ने अपने तीसरे ओवर की पहली गेंद पर चलता किया है। लिविंगस्टोन ने आउट होने से पहले 16 गेंदों पर 18 रन बनाए।

बिश्नोई का महंगा ओवर, खर्चे 18 रन

रवि बिश्नोई के लिए उनका तीसरा ओवर बेहद महंगा साबित हुआ। उनके ओवर में लियम लिविंगस्टोन ने लगातार दो छक्के लगाए। 11 ओवर के बाद पंजाब किंग्स का स्कोर: 85/3, लियम लिविंगस्टोन (16*), जोनी बेयरस्टो (19*)

### भानुका सस्ते में लौटे पवेलियन

पंजाब ने छोटे अंतराल पर अपने तीन बड़े विकेट गंवा दिए हैं। इस बार भानुका राजपक्षा भी कुछ खास नहीं कर पाए और सात गेंदों में नौ रन बनाकर पवेलियन लौटे। उन्हें क्रुणाल पांड्या ने अपने हले ओवर की आखिरी गेंद पर राहुल के हाथों कैच कराया। आठ ओवर के बाद पंजाब किंग्स का स्कोर: 58/3, लियम लिविंगस्टोन (0*), जोनी बेयरस्टो (12*)

### बिश्नोई ने उड़ाई धवन की गिल्ली

रवि बिश्नोई ने शिखर धवन को पवेलियन की राह दिखा दी है। बिश्नोई ने अपने पहले ओवर की तीसरी ही गेंद पर धवन को क्लीन बोल्ड कर दिया। धवन 15 गेंदों में सिर्फ छह रन बना पाए। सात ओवर के बाद पंजाब किंग्स का स्कोर: 51/2, भानुका राजपक्षा (5*), जोनी बेयरस्टो (10*)

दूसरी पारी के शुरुआती छह ओवर दोनों टीम के लिहाज से अच्छा रहा। पंजाब ने इस दौरान जहां 46 रन बटोरे तो वहीं लखनऊ को एक सफलता मिली। छह ओवर के बाद पंजाब किंग्स का स्कोर: 46/1, शिखर धवन (6*), जोनी बेयरस्टो (10*)

### दिलाई, मयंक आउट

दुश्मंता चमीरा ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को पहली सफलता दिला दी है। उन्होंने पंजाब के कप्तान मयंक अग्रवाल को 25 के स्कोर पर केएल राहुल के हाथों कैच कराया। पांच ओवर के बाद पंजाब किंग्स का स्कोर: 36/1, शिखर धवन (5*), जोनी बेयरस्टो (1*)

### पंजाब की धीमी शुरुआत

लखनऊ सुपर जाएंट्स के 154 रन के लक्ष्य के जवाब में पंजाब की धीमी शुरुआत की है। दो ओवर के बाद पंजाब किंग्स का स्कोर: 6/0, शिखर धवन (1*), मयंक अग्रवाल (0*)

लखनऊ सुपर जाएंट्स ने पंजाब किंग्स के सामने जीत के लिए 154 रन का लक्ष्य रखा है। पुणे के एमसीए स्टेडियम में खेले जा रहे मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ ने आठ विकेट खोकर 153 रन का स्कोर बनाया। लखनऊ की टीम ने आखिरी 55 रन बनाने में अपने सात विकेट गंवाए। लखनऊ की तरफ से क्विंटन डिकॉक ने सर्वाधिक 47 रन बनाए। जबकि पंजाब की तरफ से रबाडा और राहुल चाहर ने मिलकर छह विकेट लिए। रबाडा ने चार तो चाहर ने दो विकेट झटके।




## दिल्ली से हार के बाद श्रेयस अय्यर ने कहा-बदलनी होगी मानसिकता

### टिम साउदी ने टीम प्रबंधन पर उठाए सवाल

कोलकाता नाइट राइडर्स को आईपीएल मैच में दिल्ली कैपिटल्स के हाथों चार विकेट से हार के बाद टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर काफी हताश नजर आए। उन्होंने कहा- हमारी टीम ने जो स्कोर बनाया था उसका बचाव करना आसान नहीं था। दिल्ली कैपिटल्स ने हमसे बेहतर प्रदर्शन किया और जीत की हकदार थी। केकेआर की टीम की यह लगातार पांचवीं हार थी। अय्यर ने कहा, 'हमने शुरू में धीमी बल्लेबाजी की। गेंद रुककर आ रही थी लेकिन इस पिच पर यह स्कोर छोटा था। हमें देखना होगा कि हम कहां गलतियां कर रहे हैं। हमारी सलामी जोड़ी तय नहीं हो पा रही जो हमारे लिए चिंता का विषय है।' उन्होंने कहा, 'हम अब ज्यादा बदलाव नहीं कर सकते। हम अपने खिलाड़ियों पर भरोसा जताएंगे। अगले पांच मैच में हमें बेहतर और आक्रामक क्रिकेट खेलना होगा। तैयारी अच्छी हो रही है लेकिन खिलाड़ियों को अपनी मानसिकता में बदलाव लाना होगा। टिम साउदी ने क्या-क्या कहा? कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में सलामी जोड़ी का सही संयोजन ढूंढने में जूझ रही है लेकिन न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी ने कहा कि ऐसा करने में खिलाड़ियों को बाहर करके बदलाव करना आदर्श नहीं है। केकेआर ने इस चरण में चार अलग-अलग सलामी जोड़ियों का इस्तेमाल किया है लेकिन टीम को इससे कोई फायदा नहीं मिला क्योंकि टीम को बृहस्पतिवार को लगातार पांचवीं पराजय का सामना करना पड़ा जिससे वह अंक तालिका में सातवें स्थान पर ही है। साउदी ने दिल्ली कैपिटल्स से मिली चार विकेट की हार के बाद कहा, 'यह मुश्किल होता है, जब आप जितनी जीत दर्ज करना चाहते हो, उन्हें हासिल नहीं कर पाते। बड़ी नीलामी के बाद हम अब भी अपना सही संयोजन ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं। हमने सलामी जोड़ी के लिए कुछ संयोजन इस्तेमाल किए हैं और आईपीएल में कोई बुरे खिलाड़ी नहीं है, ये सभी बेहतरीन खिलाड़ी हैं। जिन खिलाड़ियों ने पारी का आगाज किया, वे भी शानदार खिलाड़ी थे। इसलिए यह सिर्फ फॉर्म हासिल करने की बात है और जो फॉर्म हासिल कर ले, उसके साथ खेलने की।' साउदी ने कहा, 'खिलाड़ियों को बाहर करना और उनकी जगह किसी अन्य को शामिल करना आदर्श स्थिति नहीं है लेकिन जब आप ज्यादा मैच जीत नहीं रहे होते तो ऐसा होता है।' अजिंक्य रहाणे और वेंकटेश अय्यर ने पहले पांच मैचों में पारी का आगाज किया, लेकिन इनके असफल रहने पर केकेआर के पिछले चार मैचों में तीन अलग संयोजन का इस्तेमाल किया गया जिसमें सुनील नारायण, आरोन फिंच और सैम बिलिंग्स शामिल थे। मेहनत पर भरोसा काम आया- पावेल वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर रोवमैन पावेल ने कहा कि आईपीएल में उनकी शुरुआत मुश्किल रही लेकिन टूर्नामेंट से पहले की गई मेहनत पर उन्होंने भरोसा बनाए रखा। पॉवेल ने बृहस्पतिवार को 16 गेंद में नाबाद 33 रन बनाए जिसकी मदद से दिल्ली कैपिटल्स की टीम 147 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स पर 19वें ओवर में जीत दर्ज करने में सफल रही। वह इस सत्र में पहले पांच मैचों में केवल 31 रन ही बना सके थे। इस 28 साल के खिलाड़ी ने कहा, 'हां, यह मुश्किल शुरुआत थी, लेकिन मैं फॉर्म में था। सत्र के शुरुआती हिस्से में मैं एक गेंद या दो गेंद खेलकर आउट हो रहा था।

## रोहित शेट्टी के पुलिस यूनीवर्स में रीयल लाइफ हीरो की एंट्री



### सुपरकॉप की बायोपिक से बोहनी

बॉलीवुड के मशहूर फिल्ममेकर रोहित शेट्टी ने हाल ही में मुंबई के सबसे सबसे सम्मानित शीर्ष पुलिसकर्मियों में से एक राकेश मारिया पर एक बायोपिक का एलान किया है। मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त के जीवन पर आधारित इस फिल्म के निर्माण के लिए रोहित ने रिलायंस एंटरटेनमेंट के साथ हाथ मिलाया है। यह बायोपिक राकेश मारिया के कुशल करियर के अनुभवों पर आधारित होगी और इसका निर्देशन खुद मशहूर फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी ही करेंगे। इस बारे में घोषणा करते हुए निर्माता और निर्देशक, रोहित शेट्टी ने कहा, राकेश मारिया, वह शख्स जिसने 36 साल तक चेहरे पर आतंक देखा। साल 1993 में मुंबई में हुए धमाकों, अंडरवर्ल्ड के खतरे से लेकर साल 2008 में हुए 26/11 मुंबई आतंकी हमलों तक ,उनकी उनकी अविश्वसनीय यात्रा काफी लंबी है। असल जिंदगी के सुपर पुलिस की बहादुर और निडर यात्रा को पर्दे पर लाने के लिए मैं वास्तव में सम्मानित महसूस कर रहा हूं। वहीं, अपनी बायोपिक पर टिप्पणी करते हुए राकेश मारिया ने कहा कि मेरी जीवन यात्रा को फिर से जीना रोमांचक है, खासकर तब जब इसे रोहित शेट्टी जैसे शानदार निर्देशक द्वारा संचालित किया जा रहा हो। उन्होंने कहा कि पुरानी यादों से अधिक, कठिन चुनौतियों का सामना करने और सभी बाधाओं के खिलाफ काम करने वाली मुंबई पुलिस के असाधारण काम को लोगों के सामने रखने का यह एक मूल्यवान अवसर भी है। आईपीएस अधिकारी राकेश मारिया ने साल 1981 बैच से सिविल सेवा परीक्षा पास की थी। उन्होंने 1993 में बतौर पुलिस उपायुक्त (यातायात) बॉम्बे सीरियल धमाकों के मामले को सुलझाया था। इसके बाद वह मुंबई पुलिस के डीसीपी और फिर तत्कालीन संयुक्त पुलिस आयुक्त के पद पर नियुक्त हुए। मारिया ने 2003 गेटवे ऑफ इंडिया और जावेरी बाजार डबल विस्फोट मामले को भी हल किया। इतना ही नहीं मारिया को साल 2008 में हुए 26/11 के मुंबई हमलों की जांच की जिम्मेदारी भी दी गई थी।

## अजय देवगन की पहले दिन ही हुई क्रैश लैंडिंग, बॉक्स ऑफिस पर अटकी उड़ान




कोरोना संक्रमण काल से ठीक पहले जनवरी 2020 में ओम राउत निर्देशित फिल्म 'तानाजी द अनसंग वॉरियर' की शानदार कामयाबी के बाद अजय देवगन ने कोरोना महामारी के बाद भी लगातार तीन कामयाब फिल्में 'सूर्यवंशी', 'गंगूबाई काठियावाड़ी' और 'आरआरआर' दी हैं। लेकिन, ईद के मौके पर रिलीज हुई उनकी नई फिल्म 'रनवे 34' रिलीज के पहले दिन ही बॉक्स ऑफिस पर धराशायी हो गई है। फिल्म का विषय एक हॉलीवुड फिल्म 'सली' से प्रेरित होने के चलते युवाओं ने फिल्म को कोई तवज्जो ही नहीं दी। परिवार के साथ फिल्म देखने के शौकीन लोगों को फिल्म के ट्रेलर में पारिवारिक मनोरंजन जैसा कुछ नजर नहीं आया। फिल्म 'रनवे 34' का हाल शाहिद कपूर की फिल्म 'जर्सी' जैसा ही होता दिख रहा है।

### हैट्रिक के बाद धड़ाम

अपनी पिछली तीन फिल्मों में 'सिंघम', 'रहीम लाला' और 'वेंकट राम राजू' बने अजय देवगन का इस बार बड़े परदे पर कैप्टन विक्रांत खन्ना बनना लोगों को रास नहीं आया। हवाई जहाज के पायलट बने अजय देवगन की फिल्म में जैसी शानदार एंट्री दिखी, वैसी एंट्री फिल्म 'रनवे 34' की बॉक्स ऑफिस पर नहीं हो पाई। फिल्म ने शुरुआती आंकड़ों के हिसाब से पूरे देश में सिर्फ 3.5 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। ये फिल्म के बजट और इसमें अमिताभ बच्चन और अजय देवगन जैसे सितारों की मौजूदगी को देखते हुए उम्मीद से भी काफी कम है।

## अक्षय की ब्रांड वैल्यू को बैक-टू-बैक रीमेक ने लगाया बट्टा



इस समय पूरे देश में साउथ की फिल्मों की धूम मची हुई है। बाहुबली, पुष्पा, आरआरआर और केजीएफ जैसी साउथ फिल्मों से शुरू हुआ पैन इंडिया फिल्मों का सफर अब बॉलीवुड बनाम साउथ में तब्दील होते जा रहा है। जहां एक तरफ बॉलीवुड और साउथ में जंग छिड़ी हुई है, वहीं दूसरी तरफ बॉलीवुड के कई सुपरस्टार्स साउथ की फिल्मों के रीमेक बनाने में व्यस्त हैं। फिल्म निर्माता लंबे समय से दक्षिण भारतीय फिल्मों की नकल या कहें कि रीमेक करते आ रहे हैं। उन्होंने पिछले दो दशकों में सैकडों तमिल, तेलगु, मलयालम, कन्नड़ फिल्मों की नकल की है और यह सफर रुकने का नाम नहीं ले रहा है। दक्षिण भारतीय फिल्मों का रीमेक बनाना फिल्म निर्माताओं और अभिनेताओं के लिए एक हिट फॉर्मूला बन गया है। यहां तक कि अक्षय कुमार जैसे सुपरस्टार भी हर दूसरे साल इन्हीं फिल्मों का हिंदी रीमेक लेकर आ रहे हैं। साउथ में ब्लॉकबस्टर साबित होने वाली यह फिल्में बॉलीवुड में फ्लॉप हो रही हैं। यही कारण है कि रीमेक कुमार बने खिलाड़ी कुमार की ब्रैंड वैल्यू में भी लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। सेल्फी, ड्राइविंग लाइसेंस रीमेक फिल्मों के बुरी तरह फ्लॉप होने के बाद भी खिलाड़ी कुमार इस फॉर्मूले पर लगातार काम कर रहे हैं। हाल ही में अक्षय कुमार ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी आगामी फिल्म सेल्फी की आधिकारिक घोषणा की थी। यह फिल्म सुपरहिट मलयालम फिल्म ड्राइविंग लाइसेंस का हिंदी रीमेक है और इसकी शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है। इस हिंदी रिमेक का नाम सेल्फी होगा और इसमें अक्षय कुमार और इमरान हाशमी मुख्य भूमिका में होंगे।

कलेक्टर की दो टूक- अतिक्रमण हुआ तो होगी एफआईआर

# चाय-पान के ठेलों को हटाया, पक्की दुकानों पर चली जेसीबी

**जबलपुर, यशभारत। शहर में अतिक्रमणकारियों ने सुंदरता को ग्रहण लगाने की कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। हरेक जगह पसरे ठेले-टपरों से शहर के मार्ग पटे पड़े है। लेकिन आज शुक्रवार को अतिक्रमण दस्ते ने जब कलेक्ट्रेट परिसर के अंदर कार्रवाई की तो देखने वालों की आंखे फटी की फटी रह गयीं।**

यहां वर्षों से फॉटो कॉपी की दुकान संचालित थी। जिसे कार्रवाई चलते आज अतिक्रमण दस्ते ने हटाया। यहां पक्की दुकानों पर प्रशासन की जेसीबी चली तो वहीं, ठेलों और टपरों को अलग किया गया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉक्टर इलैयाराजा टी ने बीते दिन कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर निरीक्षण करते हुए चाय-पान के ठेले वाले व्यापारियों व फोटो कॉपी दुकानदार को





हिदायत दी थी कि यहां पर अतिक्रमण किया गया तो सामान जब्ती के साथ एफआईआर कराई जाएगी।

जानकारी अनुसार कलेक्ट्रेट गेट नंबर एक के पास वर्षों से फॉटो कॉपी की दुकान संचालित थी। जिसे आज अतिक्रमण दस्ते ने कार्रवाई कर हटा दिया। इतना ही नहीं यहां गेट के बाहर फल-फूल रहे चाय-पान के ठेले टपरों को भी हटाया गया और भविष्य में यहां अतिक्रमण ना करने की समझाईश दी गई। कार्रवाई के दौरान ठेले और टपरे संचालकों ने हल्का विरोध भी किया। उनका कहना था कि वह यहां वर्षों से काबिज है, ऐसे में अभी तक तो कोई कार्रवाई नहीं हुई फिर आज अचानक ऐसा क्या हो गया। अतिक्रमण दस्ते ने इसके साथ ही साथ आसपास के क्षेत्र को भी साफ करने की कार्रवाई कर रही है।

बड़ेरिया ग्लोबल इंजीनियरिंग एवं मैनेजमेंट कॉलेज का कल्चरल फेस्ट उमंग 2022 का समापन

# डीजे नाइट का धमाल जमकर थिरके युवा





**जबलपुर यशभारत।** बड़ेरिया ग्लोबल इंजीनियरिंग एवं मैनेजमेंट कॉलेज जबलपुर में कल्चरल फेस्ट उमंग 2022 का दूसरा दिन भी पूरे उत्साह और ऊर्जा से सराबोर रहा। समापन दिवस के महत्वपूर्ण आकर्षण रहे मुंबई से आये हुये देश के जाने माने डी जे नोटोरियस, जिन्होंने डी जे नाइट के कार्यक्रम में ऐसा समा बाधा कि हर विद्यार्थी थिरकता हुआ नजर आया। आलम यह रहा कि पूरा परिसर युवा से भरा पड़ा था। 4000 से ज्यादा लोगों की उपस्थिति ने डीजे नाईट को रोचक व यादगार बना दिया। बॉलीवुड के एक से एक गीत वलम सामी, फैशन का है ये जलवा ,देशी गर्ल और तरानों पर डी जे ने परफार्म किया। कॉलेज प्रशासन ने पूरे चाक चौबंद तरीके से इस गरिमामय आयोजन को संपन्न कराया। संस्थान के चेयरमैन सौरभ बड़ेरिया ने बच्चों को बधाई तथा सफल आयोजन के लिये सभी को शुभकामनायें दीं। दो दिवसीय कार्यक्रम में लगभग दस तरह के अलग-अलग इवेंट में जैसे ग्रुप डान्स, फैशन शो ,सोलो डान्स, यूथ पार्लियामेंट ,रांगोली ,मेंहदी, सिंगिंग में 1000 से ज्यादा प्रतिभागियों में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के समाप्ति पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आए विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को भी पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट भी दिया गया। बड़ेरिया मेट्रो प्राईंग के डायरेक्टर राजीव बड़ेरिया एवं बड़ेरिया परिवार के अन्य सम्मानित सदस्य तथा शहर के प्रतिष्ठित जनों ने भी कार्यक्रम का लुफ्त उठाया। कॉलेज प्रशासन से डॉ, राजीव खत्री,डॉ निहारिका यादव, डॉ रिचा राठौर, सौरभ शर्मा ,वैभव हाका राज तिवारी अमित अग्रवाल अनिल शुक्ला डॉ0 शैलेन्द्र बसेड़िया एवं अन्य की गरिमामयी उपस्थिति रही। विद्यार्थी सिद्धार्थ ,मुकुल, प्रशांत कुमार, प्रियाशु ,आशुतोष, आर्यजीत, निखिल जायसवाल व अन्य विद्यार्थियों ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।




बरगी में सागौन की तस्करी

# 5 लाख कीमती लकड़ी की चोरी की, पीआरओ 3 दिन बाद

**जबलपुर, यश भारत।** जंगल पुलिस का बरगी में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। दरअसल 5 लाख की सागौन लकड़ी का प्रकरण चोरी होने के तीन दिन बाद दर्ज किया जा रहा है। इस पूरे मामले का खुलासा वन विभाग के एक वनरक्षक ने करते हुए विभाग के डिप्टीरेंजर की भूमिका को संदिग्ध बताया है। इधर, वन विभाग की पुलिस की छवि खराब ना हो, इस लिहाज से प्रकरण को दबाने की कोशिश दो दिन से की जा रही थी। जानकारी अनुसार बरगी के गेहगंदा गांव में वन विभाग पुलिस ने छापेमारी करते हुए ग्रामीण शुक्कू यादव के घर से बड़ी तादात में सागौन लकड़ी की सिल्ली बरामद की है। गुरुवार के दिन विभाग ने ग्रामीण के घर में छापेमारी की थी। लेकिन प्रकरण आज शनिवार को दर्ज किया गया है। इस पूरे मामले में वन विभाग जांच टीम पर सवाल उठाय जा रहे है।

### वनरक्षक ने किया खुलासा

बताया जा रहा है इस पूरे प्रकरण में एक अधिकारी काफी समय से सागौन लकड़ी की तस्करी में लिप्त है। कई साल से वह जंगल से लकड़ी बाहर सप्लाई कर रहा था। गुरुवार के दिन एक वनरक्षक को इसकी सूचना मिली। उसने मौके पर जाकर देखा तो डिप्टी रेंजर लकड़ी को ठिकाने लगाने के लिए गेहगंदा गांव में घूम रहा था। डिप्टी रेंजर को भनक लगी कि वनरक्षक को इस बात की जानकारी लग गई है तो उसने तस्करी का पूरा माल ग्रामीण के घर में रखवा दिया।

### बड़े अफसरों तक पहुंची ही नहीं जानकारी

मामला कितना संदिग्ध और विभाग के अधिकारियों की संलिप्तता कितनी है, अंदाजा लगाया जा सकता है कि विभाग के बड़े अधिकारियों को अभी तक जानकारी ही नहीं पहुंचाई गई है। लंबे समय से लकड़ी तस्करी का खेल बरगी के जंगलों से किया जा रहा है। संभवत: यह पहली दफा है कि विभाग के अधिकारी, कर्मचारी तस्करी के गोरखधंधे में लिप्त है। हालांकि पूरे मामले की जांच चल रही है।



इस मामले की अभी जानकारी मेरे पास नहीं आई है। अगर कहीं गड़बड़ी हुई है तो निश्चित रुप से जांच कराई जाएगी। संबंधित अधिकारियों से मामले की जानकारी मंगाई जा रही है।

**कमल आरोरा, मुख्य वन रक्षक जबलपुर**

मामले में प्रकरण दर्ज करवाया गया है। आरोपी से पूछताछ चल रही है। ग्रामीण बढ़ई के पास सागौन पकड़ी गई है।

**वर्षा बिसेन,फॉरेस्ट बरगी रेंजर,**






























स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )